www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 7:14 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

• साल-1 • अंक-96 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • वीरवार 11 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### राहुल को कोई गंभीरता से नहीं लेता : दुबे

**नई दिल्ली**| लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बहस के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि "कांग्रेस चोरों का सरदार है और राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता।" दुबे ने आरोप लगाया कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद भी राहुल या सोनिया गांधी वहां नहीं गए, क्योंकि उन्हें केवल 'मुस्लिम वोट बैंक' की चिंता है। दुबे का दावा है कि कांग्रेस इसी कारण SIR और EVM का विरोध कर रही है।

### लालकिला धमाके में 8वां आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**| दिल्ली में पिछले महीने लालकिले के पास कार बम धमाके के मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर निवासी बिलाल नासिर मल्ला को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एजेंसी का आरोप है कि बिलाल ने हमले में मारे गए आतंकी उमर उन नबी की जानबूझकर मदद की थी। इस धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए का कहना है कि आरोपी की भूमिका साजिश में सक्रिय रूप से शामिल थी।

### अमेज़न 5 साल में करेगी 35 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली**| ई-कॉमर्स दिग्गज अमेज़न ने भारत में 35 अरब डॉलर का नया निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि यह निवेश AI क्षमता, ऑपरेशन विस्तार और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। अमेज़न ने दावा किया कि वह 2030 तक 10 लाख नई नौकरियां और भारत से 80 अरब डॉलर का निर्यात तैयार करने का लक्ष्य रखती है। कंपनी 2010 से अब तक भारत में 40 अरब डॉलर लगा चुकी है।

### मेहुल का प्रत्यर्पण रोकने की कोशिश नाकाम

**नई दिल्ली**| 13,000 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बड़ा झटका मिला है। बेल्जियम के सुप्रीम कोर्ट ने उनके प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील को खारिज कर दिया है। चोकसी अप्रैल से एंटवर्प की जेल में बंद हैं। भारतीय एजेंसियां ED और CBI चोकसी को भारत लाने के लिए लगातार कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# राहुल पर 'पर्यटन' का वार; प्रियंका बोलीं पीएम भी रहते हैं आधा समय विदेश

## भाजपा का तीखा वार- 'राहुल का जर्मनी दौरा... भारत बदनामी टूर'

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर के बीच जर्मनी में प्रवासी भारतीयों से बातचीत और एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम इंडियन ओवरसीज कांग्रेस द्वारा आयोजित है, जिसमें कई यूरोपीय देशों के भारतीय प्रतिनिधि भी जुड़ेंगे। भाजपा प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने राहुल की इस विदेश यात्रा को 'भारत बदनामी टूर' करार देते हुए आरोप लगाया कि राहुल विदेशी मंचों से भारत को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं। पूनावाला का कहना था कि संसद 19 दिसंबर तक चल रही है और ऐसे समय में राहुल का विदेश जाना विपक्ष की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है। पूनावाला ने आरोप लगाया–"राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं, पर्यटन के नेता हैं। संसद में बोलने के बजाय वे छुट्टियों पर रहते हैं। बिहार चुनावों के वक्त भी वह देश से बाहर थे।




### राहुल गांधी एक Non-Resident Politician

*भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने भी राहुल पर करारा वार किया। उन्होंने कहा-"राहुल गांधी एक Non-Resident Politician हैं। भारत को एक ऐसे विपक्ष की ज़रूरत है जो देश के भीतर रहकर उसकी चिंता करे। विपक्ष का नेता संसद सत्र से बचकर विदेश जाए, यह गैर-ज़िम्मेदारी है।" सूर्या ने आशंका जताई कि राहुल विदेशी मंचों पर फिर भारत-विरोधी बयानबाजी कर सकते हैं, और कांग्रेस को भविष्य में "जिम्मेदार विपक्ष का नेता" चुनने की सलाह दी। भाजपा के इन हमलों में एक राजनीतिक रणनीति भी दिखाई देती है, क्योंकि इसी समय राहुल संसद में चुनाव आयोग की नियुक्ति और 'मतदाता पारदर्शिता' पर सरकार को घेर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि सरकार इस बहस से बचने के लिए राहुल पर व्यक्तिगत हमले कर रही है।*

### प्रियंका गांधी का पलटवार...

## संसद सत्र में सिर्फ राहुल की विदेश यात्रा पर सवाल क्यों

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



भाजपा के जवाब में बुधवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार किया और बयान पूछने वालों पर ही सवाल उठा दिया। प्रियंका का कहना था कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा कामकाजी समय विदेश में बिता सकते हैं, तो संसद सत्र के दौरान राहुल की विदेशी यात्रा पर सवाल क्यों?

प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे का उपयोग सिर्फ विपक्ष को कमजोर करने और असली सवालों से ध्यान हटाने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा—"सरकार विपक्ष से बहस से बचना चाहती है। इसलिए राहुल को निशाना बनाया जा रहा है।"कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया कि राहुल यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासियों से मिलेंगे, कई राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधियों से बात करेंगे, और इसका उद्देश्य किसी भी तरह से देश की छवि को नुकसान पहुंचाना नहीं है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (जर्मनी) के अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने पुष्टि की कि राहुल के साथ इस यात्रा में सम पित्रोदा भी रहेंगे।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल की विदेश यात्राओं पर हमला केवल एक "राजनीतिक विचलन" है, जिसका उद्देश्य उन मुद्दों से बचना है जो संसद में उठाए जा रहे हैं, खासकर 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग की नियुक्ति से जुड़े सवाल।

# संसद में 'वोट चोरी' पर शाह ने नेहरू-इंदिरा के नाम गिनाए

## कंगना बोलीं-पीएम दिल हैक करते हैं, ईवीएम नहीं

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

चुनावी सुधारों पर बुधवार को लोकसभा में चर्चा तेज रही, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के "वोट चोरी" के आरोपों पर तीखा जवाब दिया।



शाह ने कहा कि कांग्रेस SIR को लेकर झूठ फैला रही है, जबकि यह प्रक्रिया चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने विपक्ष को चेताया कि संवैधानिक संस्थाओं को संदेह के दायरे में रखना लोकतंत्र को कमजोर करता है। शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेता वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, जबकि SIR का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखना है। आयोग ही तय करेगा कि कौन नागरिक है और वोटर बनने के योग्य है। शाह ने बताया कि 2000 के बाद तीन बार SIR हुआ, दो बार NDA सरकार में और एक बार कांग्रेस सरकार में, तब किसी ने विरोध नहीं किया। "घुसपैठियों को यह तय नहीं करने देंगे कि देश में सीएम या पीएम कौन होगा," शाह ने कहा। उन्होंने राहुल गांधी के "परमाणु बम" वाले बयान पर दावा किया कि हरियाणा में 501 वोटरों वाले घर का दावा गलत निकला। शाह बोले—"वोट चोरी का फर्जी नैरेटिव फैलाया जा रहा है।"

**▪ नेहरू- इंदिरा की 3 'वोट चोरी' का दावा...**
*अमित शाह ने इतिहास के तीन उदाहरण गिनाए—नेहरू का चयनः शाह के अनुसार, प्रधानमंत्री चुनने के समय सरदार पटेल को 28 वोट मिले थे और नेहरू को सिर्फ 2, पर प्रधानमंत्री नेहरू बनाए गए। इंदिरा केसः रायबरेली सीट पर हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की जीत को गलत घोषित किया, जिसे शाह ने "वोट चोरी" करार दिया। इम्युनिटी कानूनः शाह ने कहा कि इंदिरा ने खुद को बचाने के लिए कानून बनवाया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ केस नहीं हो सकता। राहुल गांधी ने जवाब में कहा—"गृह मंत्री का रिस्पांस डरा हुआ है।" इस पर शाह ने कहा—"मैं उकसावे में नहीं आऊंगा, लेकिन हर सवाल का जवाब दूंगा।"*

**▪ पीएम दिल हैक करते ईवीएम नहीं...** *लोकसभा में सांसद कंगना रनौत ने कहा कि EVM हैकिंग का आरोप फर्जी है। पीएम EVM हैक नहीं करते, लोगों के दिल हैक करते हैं।" कंगना ने राहुल गांधी के भाषण को तथ्यों से रहित बताया और विपक्ष द्वारा एक विदेशी महिला की तस्वीर के दुरुपयोग पर निंदा की। राज्यसभा में तब हंगामा हुआ, जब भाजपा सांसद अडिया प्रसाद ने केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से जुड़े प्रश्न को अचानक वापस ले लिया।*

# पंजाब कांग्रेस में बवाल के बाद अब कांग्रेस हाईकमान के 'मौन आदेश'

## अकेले मोर्चे पर नवजोत कौर; अकाली दल ने AI वीडियो से तंज

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़/ अमृतसर**

पंजाब कांग्रेस में मचे घमासान के बीच हाईकमान ने पार्टी नेताओं को सख्त चुप्पी का निर्देश दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग, सांसद सुखजिंदर रंधावा और अन्य बड़े चेहरे अब एक शब्द तक नहीं बोल रहे। पूरा विवाद फिलहाल एक ही आवाज में सिमट गया है-डॉ. नवजोत कौर सिद्धू, जो लगातार कांग्रेस नेतृत्व और अपने ही साथियों पर हमलावर हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी रणनीति अब "डैमेज कंट्रोल" की है और हाईकमान ने किसी भी प्रतिक्रिया को रोक दिया है। मुंबई से लौटते ही नवजोत सिंह सिद्धू के अमृतसर स्थित घर पर समर्थक जुटने लगे, लेकिन खुद नवजोत सिंह सिद्धू चुप हैं। न मीडिया से बयान, न सोशल मीडिया पर कोई प्रतिक्रिया। वहीं उनकी पत्नी नवजोत कौर लगातार हमला बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग, सांसद रंधावा और अन्य नेताओं को भ्रष्टाचार, टिकट बिक्री और सांठगांठ जैसे गंभीर आरोपों में घेर रही हैं। कौर को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी ने निलंबित कर दिया है, फिर भी वे चार-चार ट्वीट कर वड़िंग पर निशाना साध रही हैं और कई नेताओं को मानहानि नोटिस भेज चुकी हैं। कौर का दावा है कि पंजाब में मुख्यमंत्री बनने के लिए "500 करोड़ की अटैची" चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस नवजोत सिद्धू को सीएम चेहरा घोषित करे तभी वह दोबारा राजनीति करेंगी। सिद्धू इस पूरे विवाद पर एकदम मौन हैं।

इसी राजनीतिक तूफान के बीच शिरोमणि अकाली दल ने कांग्रेस पर तंज और 'मजाकिया हमला' करते हुए एक AI वीडियो जारी कर आग में घी डाल दिया है। वीडियो में चरणजीत चन्नी, रंधावा, सिद्धू और जाखड़ को "सीएम की बोली लगाते दिखाया गया है।"

### सावरकर अवॉर्ड मंजूर नहीं करूंगाः शशि

**नई दिल्ली**| कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को 'वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025' को लेने से इंकार कर दिया। थरूर ने आयोजकों पर आरोप लगाया कि बिना उनकी सहमति के ही उनका नाम पुरस्कार के लिए घोषित कर दिया गया, जिसे उन्होंने "गैर-जिम्मेदाराना कदम" बताया। यह अवॉर्ड हाईरेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका पहला संस्करण बुधवार को दिल्ली में आयोजित होना था। मीडिया रिपोर्ट्स में थरूर को इसके पहले विजेताओं में शामिल बताया गया।

थरूर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा-"मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि मुझे 'वीर सावरकर अवॉर्ड' के लिए चुना गया है। मैंने कल केवल मीडिया के जरिए ही पहली बार यह जानकारी सुनी। मैंने स्पष्ट कर दिया था कि न मुझे इस अवॉर्ड के बारे में बताया गया था और न ही मैंने इसे स्वीकार किया। आयोजकों ने बिना अनुमति मेरा नाम घोषित कर गैर-जिम्मेदारी दिखाई है।"

### सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ प्रेरित अभियान

**नई दिल्ली**| सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 44 पूर्व न्यायाधीशों ने रोहिंग्या मामले पर मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत के खिलाफ चल रहे अभियान को "भ्रामक और न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश" बताया है। संयुक्त बयान में कहा गया कि सुनवाई के दौरान CJI ने सिर्फ यह बुनियादी प्रश्न पूछा था कि अदालत में जिन अधिकारों की मांग की जा रही है, उन्हें वैधानिक रूप से किसने मान्यता दी है।

### • इंडिगो संकट पर DGCA की कड़ी कार्रवाई

# CEO पीटर एल्बर्स तलब, उड़ानों में अव्यवस्था पर पूरी रिपोर्ट मांगी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

इंडिगो की उड़ान सेवाओं में लगातार हो रही अव्यवस्थाओं पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने सख्त रुख अपनाते हुए एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स को 11 दिसंबर दोपहर पेश होने का नोटिस भेजा है। डीजीसीए ने एल्बर्स से उड़ानों में आई गंभीर बाधाओं पर विस्तृत डेटा, सुधार योजना और सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

**▪ फ्लाइट बहाली और संवेदनशील यात्रियों पर अपडेट अनिवार्य...**
*नियामक ने इंडिगो से नेटवर्क पर उड़ानों की बहाली की स्थिति, प्रभावित यात्रियों को समायोजित करने की प्रगति, और वरिष्ठ नागरिकों, बीमार यात्रियों तथा बिना अभिभावक वाले नाबालिगों के लिए विशेष प्राथमिकता व्यवस्था का विवरण मांगा है। साथ ही, बहाली प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके, इसके लिए निगरानी तंत्र की जानकारी भी अनिवार्य की गई है।*

**▪ क्रू संकट पर रिपोर्ट, नए पायलट-क्रू की भर्ती योजना भी मांगी...**
*फ्लाइट देरी और रद्द होने के पीछे क्रू सैलरी/रोस्टर और स्टाफ की कमी को कारण माना जा रहा है। DGCA ने*



*इंडिगो से पायलट और केबिन क्रू की वर्तमान संख्या, भर्ती और प्रशिक्षण योजनाएं, और उड़ान ड्यूटी समय नियमों के पालन का विस्तृत डेटा मांगा है।*

**▪ रिफंड, सामान और यात्रियों के अलर्ट सिस्टम पर विस्तृत जवाब...**
*नियामक ने एयरलाइन से रद्द उड़ानों के रिफंड की संख्या, भुगतान में लगने वाला समय, OTA और सीधे बुकिंग दोनों के डेटा, और DGCA के नियमन के पालन की जानकारी जमा करने को कहा है। इसके अलावा, खोए या विलंबित सामान के मामलों, ट्रैकिंग व्यवस्था, औसत समय सीमा तथा नियमों के अनुरूप दिए गए मुआवजे का विवरण भी प्रस्तुत करना होगा। DGCA ने इंडिगो के SMS-ईमेल अलर्ट सिस्टम, रीयल-टाइम सूचना सुधार, और हवाई अड्डों व ग्राहक सेवा के बीच समन्वय बढ़ाने के उपाय की रिपोर्ट भी मांगी है।*

### फ्लाइट टिकट 39 हजार रुपये तक कैसे पहुंच गई? दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा

**नई दिल्ली**| इंडिगो की उड़ानों में बड़े पैमाने पर रद्दीकरण और अव्यवस्था के बाद एयरफेयर आसमान छूने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा कि आखिर हवाई किराये 35,000–39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गए और सरकार ने तत्काल क्या कदम उठाए? जस्टिस गेदन प्रसाद मित्तल ने सुनवाई के दौरान कहा—"यह स्थिति बनी ही क्यों? यात्रियों की मदद के लिए क्या कदम उठाए गए? यदि संकट था, तो दूसरे एयरलाइंस को इसका फायदा कैसे उठाने दिया गया? किराया 35-39 हजार तक कैसे पहुंच गया?"

### सरकार का जवाबः एयरलाइन ने माफी मांगी

*अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि सरकार ने संकट के दौरान IndiGo को शो-कॉज़ नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब में एयरलाइन ने माफीनामा भेजा। अधिकारी ने यह भी कहा कि 2024 से फ्लाइट ड्यूटी व रेस्ट नियम लागू करने में देरी IndiGo के बार-बार विस्तार मांगने की वजह से हुई।*

**▪ "फंसे यात्रियों के लिए क्या इंतजाम हुए?" कोर्ट ने सवाल दागे...**
*हाईकोर्ट ने कहा—"सरकार फंसे यात्रियों के लिए क्या व्यवस्था कर रही थी? यदि एयरलाइन विफल हुई, तो आपने क्या कार्रवाई की? क्या हालात को इस स्तर तक पहुंचने दिया?"*

**▪ सुप्रीम कोर्ट ने भी जताई चिंता, इसे 'गंभीर मामला' कहा...**
*IndiGo संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई, हालांकि तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। CJI सूर्यकांत ने टिप्पणी की—"यह गंभीर मामला है। लाखों यात्री हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं। हमें पता है कि सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है।"*

**पेज 1 एंकर स्टोरी** — गुड न्यूज़! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जताई खुशी

# यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत में दीवाली शामिल

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारत के लिए यह एक ऐसा क्षण था, जिसने परंपरा को नए सूरज की रोशनी दी। बुधवार को विदेश मंत्रालय में



जब प्रवक्ता रणधीर जायसवाल मीडिया के सामने आए, तो उनके शब्दों में गर्व साफ झलक रहा था। उन्होंने बताया कि यूनेस्को ने दीपावली को वैश्विक अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कर लिया है। एक ऐसा त्योहार, जिसकी चमक सिर्फ घर-आंगन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा में बसी है—आज वह विश्व विरासत बन गया। दीपावली को दुनिया में फेस्टिवल ऑफ लाइट के नाम से जाना जाता है। यूनेस्को ने अपने विवरण में दीपावली को एक जीवंत परंपरा के रूप में दर्ज किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत की यह सूची पहले से ही समृद्ध है। रामलीला (2008), योग (2016), कुंभ मेला (2017), दुर्गा पूजा (2021) और गरबा (2023) जैसे अनेक तत्व दुनिया की मान्यता पा चुके हैं। अब दीपावली भी इस परिवार में शामिल हो चुकी है।

यूनेस्को के अनुसार, अमूर्त विरासत वह है, जो पीढ़ियों से परंपराओं, ज्ञान और अनुष्ठानों के रूप में आगे बढ़ती है। यह विरासत उन लोगों के जीवन में जीवित रहती है, जो इसे निभाते हैं और इससे अपनी पहचान पाते हैं। 2003 में इस विरासत की रक्षा के लिए यूनेस्को ने एक वैश्विक कन्वेंशन बनाया, ताकि सांस्कृतिक विविधता दुनिया के तेज बदलावों में कहीं खो न जाए। दीपावली का वैश्विक सम्मान सिर्फ एक घोषणा नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भारत की परंपराएँ सिर्फ़ मनाई नहीं जातीं, बल्कि जीवन, आस्था और संस्कृति की उज्ज्वल राह बनकर जीवित रहती हैं। आज जब दीपावली विश्व विरासत बन गई है, तो यह सिर्फ हमारे घरों के दिए नहीं, बल्कि एक देश की सांस्कृतिक रोशनी है, जो पूरी दुनिया में फैल रही है।

*इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उनके शब्दों में दीपावली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि "हमारी सभ्यता की आत्मा" के रूप में सामने आई। उन्होंने लिखा कि यह पर्व हमारी संस्कृति और लोकाचार से गहराई से जुड़ा है, और विश्व विरासत में शामिल होना इसकी लोकप्रियता को और व्यापक बनाएगा। मोदी ने इसे भारत की आध्यात्मिक धरोहर का सम्मान बताया और प्रभु राम के आदर्शों को मार्गदर्शक कहा।*

### पाक सेना प्रवक्ता ने महिला पत्रकार को मारी आंख

**एजेंसी | इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में सेना के मीडिया विभाग आईएसपीआर के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अपने व्यवहार को लेकर विवादों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में चौधरी एक महिला पत्रकार को आंख मारते हुए नजर आते हैं, जिससे पाकिस्तान में सेना की छवि और राजनीतिक माहौल पर नई बहस शुरू हो गई। घटना उस समय हुई जब पत्रकार अब्सा कोमान ने उनसे पूछा कि इमरान खान पर लगाए जा रहे आरोप पहले के आरोपों से किस तरह अलग हैं और क्या सेना आगे कोई नई कार्रवाई करेगी।

# गोवा क्लब में आग लगने के मामले में पार्टनर को दिल्ली से हिरासत में लिया

**एजेंसी | नई दिल्ली**

गोवा के प्रसिद्ध नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद कार्रवाई और तेज हो गई है। इस हादसे के संबंध में क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता को दिल्ली से हिरासत में लेने के बाद बुधवार को पूछताछ के लिए गोवा लाया जाएगा। पीटीआई के अनुसार, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही गुप्ता की औपचारिक गिरफ्तारी की जाएगी।

अजय गुप्ता के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर तब जारी किया गया था जब गोवा पुलिस उसे उसके दिल्ली स्थित घर पर खोजने पहुंची, लेकिन वह वहां से गायब मिला। बाद में दिल्ली में उसे हिरासत में लेकर उससे प्राथमिक पूछताछ की गई।

**▪ मुख्य आरोपी अभी भी फरार...**
इस मामले के मुख्य आरोपी लूथरा ब्रदर्स - सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा 6 दिसंबर की रात आग लगने के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेत भाग गए थे। गोवा पुलिस की मांग पर इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। इसी क्लब के एक अन्य सह-मालिक और ब्रिटिश नागरिक सुरिंदर कुमार खोसला पर भी LOC जारी है। अब तक पुलिस 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें शामिल हैं—राजीव मोदक (मुख्य महाप्रबंधक), विवेक सिंह (महाप्रबंधक),राजीव सिंघानिया (बार मैनेजर), रियांशु ठाकुर (गेट मैनेजर), भरत कोहली (कर्मचारी)

**▪ दस्तावेजों से खुलासाः अवैध निर्माण और कई नोटिस पहले से जारी...**
6 दिसंबर की आधी रात लगी आग के बाद, जांच में पाया गया कि क्लब बिना अनुमति संचालित हो रहा था और कई सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लब पर अवैध निर्माण और खतरनाक संरचना को लेकर पिछले वर्ष से शिकायतें दर्ज थीं।

### उत्तर प्रदेश कर सुलतानपुर टोल प्लाजा कांड

# CCTV से लोगों का निजी वीडियो बना ब्लैकमेल, अब मैनेजर का 'कबूलनामा' उलझा रहा मामला

समर न्यूज़ | सुलतानपुर

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के हलियापुर टोल प्लाज़ा पर यात्रियों की निजी गतिविधियों को CCTV कैमरों में रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद पुलिस की जांच लगातार गहराती जा रही है। मुख्य आरोपी और 'एंटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (ATMS) के पूर्व मैनेजर आशुतोष सरकार की गिरफ्तारी के साथ चार और कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया गया है। यह मामला तब सामने आया जब एक नवविवाहित जोड़े का वीडियो वायरल हुआ और पीड़ितों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा सुलतानपुर डीएम-एसपी को लिखित शिकायत दी।

वीडियो वायरल होने के बाद आशुतोष सरकार पर आरोप लगा कि वह एक्सप्रेस-वे पर आने वाले यात्रियों के निजी पलों को CCTV के जरिए रिकॉर्ड करता था और ब्लैकमेल के लिए वीडियो दिखाकर पैसे वसूलता था। शिकायत में दावा किया गया कि नवविवाहित जोड़े से 32 हजार रुपये की वसूली की गई और इसी तरह की कम से कम चार घटनाओं का जिक्र किया गया। आरोपों के अनुसार, आरोपी यात्रियों की निगरानी के साथ आसपास के गांवों की महिलाओं को भी ट्रैक करता था।

शिकायत के बाद टोल का संचालन संभालने वाली कंपनी सुपर-वेव कम्युनिकेशन एंड इंफ्रा सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (SCIPL) ने आशुतोष के साथ सिस्टम टेक्नीशियन आशुतोष तिवारी, ट्रैफिक मैनेजर शशांक शेखर और सिस्टम इंजीनियर प्रमोद कुमार को भी नौकरी से हटा दिया। पुलिस को FIR दर्ज कराने के लिए कंपनी द्वारा पत्र भी भेजा गया। 9 दिसंबर को अधिकारीगण और YUP-IDA के अफसरों ने टोल पर पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की।

गिरफ्तारी के बाद आशुतोष सरकार ने पुलिस को एक बिल्कुल अलग कहानी सुनाई। उसने दावा किया कि ढाई साल में ऐसे हजारों मामले CCTV में कैद हुए, लेकिन उसने कभी कोई वीडियो वायरल नहीं किया। उसके मुताबिक, टोल पर काम करने वाले ही पूर्व कर्मचारियों ने बदला लेने के लिए वीडियो लीक किया। उसने आरोप लगाया कि जिन कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया था, उन्होंने ही "तुम नौकरी करोगे तो हम भी करेंगे, वरना तुम भी नहीं कर पाओगे" कहकर धमकियां दीं।

आशुतोष ने पुलिस को सिस्टम मैनेजर शशांक शेखर के एक ऑडियो क्लिप की ओर इशारा किया, जिसमें कथित तौर पर शशांक यह स्वीकार कर रहा है कि उसने वीडियो एक ड्राइवर को दिया और भरोसा था कि वह इसे वायरल नहीं करेगा। पुलिस ने आरोपी से पूछा कि वीडियो में लगातार जूम क्यों किया गया। इसके जवाब में उसने कहा कि "जूम इसलिए किया जाता है ताकि गाड़ी की खराबी, पंक्चर या समस्या की पहचान हो सके, ऐसे मामलों की जानकारी चैट ग्रुप में डाली जाती है।" जब पुलिस ने पूछा कि "जब पता चल गया था कि कपल है, फिर जूम करने की जरूरत क्यों?", इस पर आशुतोष सिर्फ इतना कह पाया कि "ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को दी जाती है।"

इस पूरे मामले ने एक्सप्रेस-वे पर लगे CCTV सिस्टम की विश्वसनीयता, डेटा एक्सेस नियंत्रण और यात्रियों की निजता की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस तकनीक, कर्मचारियों की भूमिका और ब्लैकमेल नेटवर्क की पूरी जांच कर रही है। यातायात प्रणाली की सुरक्षा के नाम पर यात्रियों की निजी जिंदगी कैमरे में कैद कर फायदा उठाने का यह मामला सड़क सुरक्षा से कहीं ज्यादा निजता के उल्लंघन और नैतिक अपराध के सवालों को उजागर कर रहा है।

# आदमपुर एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइटें फिर शुरू

## 90 प्रतिशत यात्री सफर कर रहे, व्यापारियों और पर्यटकों को भी फायदा

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर के आदमपुर एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट सेवाएं फिर से सक्रिय हो गई हैं। एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया कि लंबी रोक के बाद अब इंडिगो की उड़ानें अपने निर्धारित समय के अनुसार नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। इस खुशी की खबर से स्थानीय यात्रियों में खुशी का माहौल है क्योंकि लगभग 90 प्रतिशत यात्री दैनिक आधार पर इंडिगो की सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इसके चलते क्षेत्र में हवाई यात्रा को लेकर लोगों का उत्साह फिर से जाग उठा है। लंबे समय बाद हवाई सेवा सक्रिय, यात्रियों को मिली राहत आदमपुर एयरपोर्ट पर विमान सेवाओं के बंद रहने से स्थानीय यात्रियों को काफी असुविधा हुई थी। व्यापारिक, व्यक्तिगत और अन्य जरूरी यात्राओं के लिए लोग दूसरे एयरपोर्ट का रुख करते थे। अब जब इंडिगो की उड़ानें नियमित हो गई हैं, तो यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत है। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि उड़ान सेवाओं के पुनः शुरू होने के बाद यात्री संख्या में खासा इजाफा हुआ है। लगभग 90 प्रतिशत यात्रियों ने इंडिगो एयरलाइंस को अपनी पहली पसंद बनाया है, जो इंडिगो की विश्वसनीयता और सेवा स्तर को दर्शाता है। क्षेत्रीय विकास में एयरपोर्ट का महत्वआदमपुर एयरपोर्ट की सेवाओं के शुरू होने से सिर्फ यात्रियों को ही नहीं, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और पर्यटकों को भी फायदा होगा। एयर कनेक्टिविटी मजबूत होने से जालंधर और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह एयरपोर्ट अब क्षेत्र की विकास योजनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।देश के अन्य हिस्सों में इंडिगो की उड़ानों में बाधाएं जारीहालांकि आदमपुर एयरपोर्ट पर स्थिति सामान्य हुई है, देश के कई अन्य हिस्सों में इंडिगो की उड़ानें अभी भी प्रभावित हैं। इन रूटों पर उड़ान रद्द होना, देरी और तकनीकी समस्याओं के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। एयरलाइंस समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है, लेकिन फिलहाल यात्रियों को यात्रा योजनाओं में बदलाव करना पड़ रहा है।स्थानीय यात्रियों की उम्मीदें और भविष्य की योजनाएंआदमपुर एयरपोर्ट पर सेवाएं अब पूरी तरह पटरी पर लौट आई हैं, जिससे स्थानीय यात्रियों की हवाई यात्रा के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने आने वाले समय में उड़ानों की संख्या बढ़ाने और नई दिशाओं को जोड़ने की योजना भी बनाई है। यह कदम न केवल यात्रियों को बेहतर सेवाएं देगा, बल्कि क्षेत्र की समग्र उन्नति में भी मदद करेगा।इस पुनः सेवा की शुरुआत से आदमपुर एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा का नया अध्याय शुरू हो गया है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी खुशखबरी है और उम्मीद है कि आने वाले समय में हवाई यात्रा और भी सुलभ और सुविधाजनक होगी।

# ऑडियो रिकॉर्डिंग की चंडीगढ़ लैब से होगी जांच

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद SSP वरुण शर्मा छुट्टी पर भेजे गए, अकाली दल ने उठाए सवाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़/पटियाला

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पटियाला पुलिस की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग की फोरेंसिक जांच चंडीगढ़ लैब से कराने के आदेश दिए हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ किया कि रिकॉर्डिंग की सत्यता वैज्ञानिक जांच से ही स्पष्ट होगी। अकाली दल ने इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पुलिस ने इसे "AI से बना फेक ऑडियो" बताया था, तो यह भी बताया जाए कि जांच किस एजेंसी या लैब से कराई गई थी।

**SSP वरुण शर्मा पर कार्रवाई, अचानक भेजे गए छुट्टी पर** : कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग विवाद के बीच पटियाला के SSP वरुण शर्मा को अचानक छुट्टी पर भेज दिया गया है। उनकी जगह संगरूर के SSP सरताज सिंह चहल को पटियाला का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है। यह कदम हाईकोर्ट में सुनवाई से ठीक पहले उठाया गया, जिससे पूरे मामले पर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है।

**क्या है विवादित ऑडियो**? अकाली दल प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया पर एक कॉल रिकॉर्डिंग शेयर की थी। दावा किया गया कि यह पटियाला पुलिस की कॉन्फ्रेंस कॉल का ऑडियो है, जिसमें SSP वरुण शर्मा कथित रूप से अपने DSPs को अकाली दल



सरताज सिंह चहल को अतिरिक्त प्रभार सौंपा। - समर न्यूज़

के उम्मीदवारों को नामांकन के दौरान रोकने, धक्केशाही करने और रास्ते में बाधा डालने जैसे निर्देश दे रहे हैं। ऑडियो में यह भी कहा गया था कि नामांकन केंद्र में कोई गड़बड़ी न हो, बल्कि कार्रवाई उम्मीदवारों के घर, गांव या रास्ते में की जाए।

**पुलिस ने पहले बताई थी फेक, अब होगी वैज्ञानिक जांच** : ऑडियो सामने आने के तुरंत बाद पटियाला पुलिस ने इसे AI से बनाया हुआ फेक ऑडियो बताकर खारिज कर दिया था। अब हाईकोर्ट के आदेश पर इसकी चंडीगढ़ लैब से जांच होगी, जिसके बाद ही यह साफ होगा कि ऑडियो असली है या नकली। इस कार्रवाई और जांच को लेकर पंजाब की राजनीति में भी हलचल मची हुई है।

# सोनिया मान को मारने की धमकी देने वाला काबू

समर न्यूज़ | अमृतसर

आम आदमी पार्टी की हलका राजा सांसी इंचार्ज सोनिया मान को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को अमृतसर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान भिंडी गांव निवासी गोपी के रूप में हुई है। डीएसपी नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी गोपी ने इंटरनेट पर कई फर्जी नामों से अकाउंट बना रखे थे और इन्हीं अकाउंट्स के जरिए वह लगातार धमकियां दे रहा था। सोनिया मान को भेजी गई धमकी में उसने साफ लिखा था 7 दिसंबर को गोली मार दूंगा। धमकी मिलने के बाद सोनिया मान की सोशल मीडिया टीम ने अमृतसर देहात पुलिस के साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जो कभी इंसाफ का केंद्र थी, अब नशेड़ियों का अड्डा बन गई

## तरनतारन की पुरानी कचहरी में शाम ढलते ही चोरों और नशेड़ियों की पनाहगाह, नींद में प्रशासन

समर न्यूज़ | तरनतारन



तरनतारन में पुरानी कचहरी, जो कभी इंसाफ का केंद्र थी, अब नशेड़ियों का अड्डा बन गई है। शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है और चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। वकीलों के कमरों में भी चोरी हो रही है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं। पुलिस गश्त करने का दावा कर रही है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। थाना सिटी तरनतारन समीप पुरानी कचहरी में करीब 15 वर्ष पहले विभिन्न अदालतें लगती थीं, जहां पर पहले इंसाफ मिलता था, लेकिन अब वीरान पड़ी इन इमारतों में शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है।

आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदातें भी हो रही हैं। कुल मिलाकर भूत बंगला बन रही पुरानी कचहरी गैर-समाजिक लोगों लिए किसी वरदान से कम नहीं। देश की आजादी से पहले जिस जगह पर तहसील होती थी, उस इमारत को कंडम करार देने के बाद यहां थाना सिटी बना दिया गया। जिसकी इमारत पूरी तरह से कंडम घोषित की जा चुकी है, लेकिन पुलिस प्रशासन के पास थाना किसी और जगह तबदील करने लिए इमारत नहीं है। नतीजन खंडर इमारत के एक हिस्से को मरम्मत करके यहां काम चलाया जा रहा है। थाना के साथ वाली पुरानी कचहरी में करीब 80 कमरे होते थे। जबकि तीन अदालतें भी लगाई जाती थीं। बाद में बीडीपीओ की इमारत में भी दो से तीन अदालतें लगाई जाने लगीं। वर्ष 2006 में तरनतारन को जिला घोषित किया गया। वर्ष 2012-13 में सभी अदालतें जिला प्रबंधकीय काम्पलेक्स के साथ बनाए गए अदालती काम्पलेक्स में शिफ्ट कर दी गईं। नतीजन सभी वकील भी यहां कूच करके अदालती काम्पलेक्स में चले गए। अब यहां डाकूमेंट राइटर, नोटरी टैस्ट व चुनिंदा वकील ही बैठते हैं। बाकी सारी पुरानी कचहरी वीरान हो चुकी है। जहां वर्षों तक अदालतों में जहां इंसाफ मिलता रहा, वहां शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। एक ही सुई से कई लोग नशे का टीका लगाते हैं तो कई नशेड़ी यहां पर बैठकर चिट्टे का कश लगाते हैं। आए दिन वकीलों के खाली पड़े कमरों के ताले तोड़ दिए जाते हैं। एडवोकेट एनपी सिंह मनचंदा का कहना है कि थाना सिटी के साथ लगती पुरानी कचहरी में चोरी की अक्सर वारदातें होती हैं, लेकिन पुलिस रपट दर्ज करने तक सीमित रहती है। थाना सिटी पास होने के बावजूद यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगना चिंता का विषय है। मनचंदा ने बताया कि उनके भी यहां शटर तोड़कर चोरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा। डीएसपी सुखबीर सिंह का कहना है कि पुरानी कचहरी वाली इमारत के साथ ही थाना सिटी है। यहां पर रात को पुलिस की पीसीआर टीमें राउंड करती हैं। इमारत के भीतर नशेड़ी अगर आते हैं तो स्थानीय लोगों को चाहिए कि पुलिस को शिकायत करें। फिर भी सुरक्षा व्यवस्था के मामले में लगातार सख्ती बरती जा रही है। चोरी की वारदातों को रोकने लिए पुलिस गंभीर है।

# महिला का अर्धनग्न शव मिला, एक हाथ भी गायब

समर न्यूज़ | अबोहर

अबोहर के बकैनवाला गांव में नहर से निकलते खाले में एक महिला का अर्धनग्न शव मिला है। शव का एक हाथ गायब है और शरीर पर चोटों के निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव के सरपंच हरदीप ने खाले में शव पड़ा देखा और तुरंत थाना खुईखेड़ा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एएसआई राज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शहर की नर सेवा नारायण सेवा समिति के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया।

सरपंच के अनुसार, मृतका की आयु करीब 30 से 32 साल है। महिला ने गुलाबी रंग की सलवार पहन रखी थी और उसके बायं पैर में चांदी की एक पाजेब भी थी। शव का एक हाथ गायब होने और गुप्तांगों सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटों के निशान मिलने के कारण सरपंच और समिति सदस्यों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। एएसआई राज कुमार ने बताया कि पुलिस महिला के शरीर पर मिले चोटों के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस हत्या और अन्य संभावित पहलुओं से भी जांच करेगी। पुलिस ने आसपास के लोगों से अपील की है कि जिस भी परिवार की कोई महिला गायब हो, वे अबोहर के सरकारी अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस क्षेत्र में जंगली सुअर भी काफी संख्या में हैं, और महिला के शरीर पर चोटें या हाथ का गायब होना जंगली सुअरों के हमले का परिणाम भी हो सकता है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# विदेश दौरे से लौटे सीएम भगवंत मान

## मोहाली में बड़े निवेश की तैयारी और आईटी हब बनाने पर बनी सहमति

समर न्यूज़ | जालंधर

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान दस दिन के जापान और दक्षिण कोरिया दौरे के बाद वापस लौट आए हैं। चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए उन्होंने विदेश दौरे के नतीजों और वहां हुई बैठकों की विस्तृत जानकारी साझा की। मान ने बताया कि जापान और दक्षिण कोरिया की कई कंपनियों ने पंजाब में निवेश को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया है। विशेष तौर पर मोहाली को IT हब विकसित करने में कई कंपनियों ने रुचि दिखाई है और यहां आर एंड डी सेंटर स्थापित करने की इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री के साथ उद्योगपति संजीव गुप्ता, मुख्य सचिव KAP सिन्हा और इन्वेस्टमेंट प्रमोशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरे पर शामिल रहे, जिसका उद्देश्य पंजाब में निवेश बढ़ाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करना था।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह संबोधित करते हुए। - समर न्यूज़

सरकार अगले वर्ष मार्च में प्रोग्रेसिव पंजाब बिजनेस समिट आयोजित करने की तैयारी कर रही है, जिसके लिए वैश्विक कंपनियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। मान ने कहा कि टाटा स्टील सहित कई बड़ी कंपनियों ने पहले ही पंजाब में निवेश किया है और अब नए निवेश को लेकर भी माहौल तैयार है। जापान दौरे के दौरान CM मान ने व्यापारिक संगठनों और निवेशकों से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने पंजाब में निवेशकों के लिए स्थिर, भरोसेमंद और उद्योग-हितैषी माहौल उपलब्ध कराने के सरकार के संकल्प को साझा किया। उन्होंने बताया कि इन्वेस्ट पंजाब के माध्यम से अब तक 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ग्राउंडेड निवेश सुरक्षित किया जा चुका है। मान का कहना है कि यह दौरा पंजाब के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार और युवाओं को नई संभावनाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# क्रिश्चन समुदाय का डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर में पास्टर अंकुर नरूला के खिलाफ तेजस्वी मिन्हास और भाणा सिद्धू द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद क्रिश्चन समुदाय ने 10 दिसंबर को डीसी ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान समुदाय द्वारा तीन पुतले लाए गए थे। इस पूरे मामले में क्रिश्चन समुदाय द्वारा भाणा सिद्धू, तेजस्वी मिन्हास सहित एक अन्य महिला के पुतले फूंकने के लिए लाए थे। हैरानी इस बात की हुई कि तीसरे पुतले पर जिस महिला की तस्वीर लगाई गई थी, वह किसी विवादित व्यक्ति की नहीं बल्कि दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर की थी। इसके सामने आते ही मूसेवाला के प्रशंसकों में भारी नाराजगी फैल गई और आरोप लगाए गए कि चरण कौर को बिना कारण बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जबकि इस पूरे मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है।

# कांग्रेस ने किया खराब सड़क व सीवरेज के खिलाफ प्रदर्शन

## नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर में खराब सड़कों, जाम पड़ी सीवरेज लाइनों और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस प्रधान रजिंदर बेरी की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता और पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय का घेराव किया और पंजाब सरकार तथा नगर निगम मेयर के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन सुबह नगर निगम कार्यालय के बाहर से शुरू हुआ, जिसमें वार्ड नंबर 28 के पार्षद समेत कई काउंसलर शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के कई इलाकों में सीवरेज लाइनें महीनों से बंद पड़ी हैं, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर कई मुख्य सड़कें और गलियां टूटी-फूटी हालत में हैं, लेकिन नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे शहर की हालत बदतर होती जा रही है। पार्षद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार होश में आओ, भ्रष्टाचार बंद करो जैसे नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि जालंधर की हर विधानसभा क्षेत्र में सत्ताधारी दल के लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# खाने-पीने का प्रोग्राम बंद करो: ओम बिरला

नई दिल्ली | समर न्यूज़

संसद का शीतकालीन सत्र सातवें दिन में पहुंचा तो लोकसभा में एक मजेदार नजारा देखने को मिला। जब कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों और कृषि संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे, तभी एक सांसद संसद भवन के अंदर ही खाना खाने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस स्थिति को देखकर कहा, यहां खाने-पीने का प्रोग्राम मत बनाओ... बंद करो थैलीया।"इस बात को सुन शिवराज सिंह चौहान को लगा कि यह टिप्पणी उनके लिए है, उन्होंने कहा, "मैं तो किसानों की बात कर रहा था, जिनकी वजह से हमें खाना मिलता है।"ओम बिरला ने हंसते हुए स्पष्ट किया, "मैं आपसे बात नहीं कर रहा था, मैं यहां घर में खाने-पीने की बात कर रहा था।"शिवराज सिंह चौहान ने हंसते हुए कहा कि सांसद यही इसलिए खा पा रहे हैं क्योंकि किसान उत्पादन कर रहे हैं।

# फंदे पर लटका मिला कान्स्टेबल

## शादी के बाद परिवार से अलग रहता था

समर न्यूज़ | जालंधर

गांव संगोवाल में बुधवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पंजाब पुलिस में तैनात कोन्स्टेबल ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान मेहतपुर की रहने वाले रणजीत सिंह मट्टू के रूप में हुई है और वह पटियाला में पंजाब पुलिस की कमांडो बटालियन में तैनात था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। रणजीत सिंह मट्टू की करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी और वह बच्चे का पिता था। वह मंगलवार रात अपने कमरे में सो गया था करीब सुबह साढ़े चार बजे वह ड्यूटी जाने के लिए कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों दरवाजा खोला तो रणजीत का शव पंखे से लटक रहा था।

आसपास के लोगों ने बताया शादी के बाद वह परिवार से पत्नी व बच्चों



मृतक की फाइल फोटो।

के साथ अलग रहता था। करीब सात साल पहले उसके छोटे भाई की भी मौत हो गई थी और बड़े भाई इंग्लैंड में रहता है।

पुलिस को जांच के दौरान मौके से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ हालांकि अभी यह सामने नहीं आया कि इस नोट क्या लिखा हुआ है। थाना मेहतपुर के प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि उनकी टीम के कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि मेहतपुर में घर में कोन्स्टेबल ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुविधा | नार्दन रेलवे अब उद्यमियों को लॉजिस्टिक के लिए डोर-टू-डोर सर्विस देगा

# चावल शैलरों की डिमांड पर शुरू हुई सर्विस, रिस्क भी हुआ खत्म

समर न्यूज़ | अमृतसर

नार्दन रेलवे अब उद्यमियों को लॉजिस्टिक के लिए डोर-टू-डोर सर्विस देगा। पंजाब के उद्यमी लगातार रेलवे से डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक सेवा शुरू करने की डिमांड कर रहे थे। रेलवे ने इसकी शुरुआत चावल शैलरों से की है। शैलरों से अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और अब रेलवे इसे अन्य उद्योगों के लिए भी खोलने की तैयारी कर रहा है।

डोर-टू-डोर सामान कलेक्ट करने के लिए रेलवे लॉजिस्टिक सेवा शुरू की है। अब अगर कोई उद्यमी अपना सामान भेजने के लिए कंटेनर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया से रेलवे का कंटेनर बुक करता है तो रेलवे उसे लॉजिस्टिक सेवा भी दे सकती है। इस सेवा के तहत रेलवे की ट्रक उद्यमी के पास आएंगे और वहां से



रेलवे ने इसकी शुरुआत चावल शैलरों से की। - समर न्यूज़

सामान लोड करके लाएं तथा उसे सीधा ट्रेन के कंटेनर में लोड कर देंगे। डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक सेवा से सामान सुरक्षित तरीके से रेलवे के पास पहुंचेगा और वहीं से सीधे ट्रेन के कंटेनर में रख दिया जाएगा। जैसे ही रेलवे के पास उद्यमियों की तरफ से डिमांड आएगी वैसे ही रेलवे अपना ट्रक भेजकर सामान मंगवा लेगा। उसके साथ ही सामान को आगे भेजने की व्यवस्था कर देगा।

फिरोजपुर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट को चावल शैलरों के साथ मीटिंग करने को कहा था। बैठक में उन्होंने अपने शैलरों से सीधे गंतव्य स्टेशन तक 'डोर-टू-डोर' सेवा की डिमांड की थी। रेलवे ने चावल शैलरों को कॉनकॉर तथा लॉजिस्टिक सर्विस उपलब्ध करवाई और चावल उनके शैलर से सीधे वहां पहुंचाए जहां वो चाहते थे।

अमृतसर और तरनतारन के चावल उत्पादक क्षेत्रों से चावल उत्पादकों को रेलवे की तरफ से यह सुविधा दी जा रही है। जिसका उन्हें काफी फायदा मिल रही है। सीनियर डीसीएम फ्रेट मनु गर्ग के प्रयासों से तरनतारन व अमृतसर के शैलरों को यह सुविधा मिल सकती है।

रेल अधिकारियों का कहना है कि राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सेठी समेत कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से बैठक हुई। जिसमें 10 कन्टेनर बुक किए गए। ये सभी कन्टेनर चेन्नई भेजे जाने हैं। रेलवे उनके शैलर से माल उठाएगा और रेल के जरिए चेन्नई रेलवे स्टेशन पहुंचाएगा। उसके बाद रेलवे उस जगह तक भी सामन पहुंचाएगा जहां शैलरों ने भेजना था। सड़क मार्ग से माल भेजने में रहता है रिस्क व्यापारियों ने बताया कि सड़क मार्ग से माल भेजने में न केवल समय अधिक लगता है, बल्कि परिवहन लागत, जोखिम तथा ट्रकों की उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता रहती है। वहीं रेलमार्ग से होने वाला परिवहन अधिक विश्वसनीय, किफायती होने के साथ समय भी कम लगाता है। यह सुविधा शुरू करने से रेलवे को भी फायदा हो रहा है।

**लुधियाना की इंडस्ट्री को मिलेगा फायदा** : रेलवे के सीनियर डीसीएम फ्रेट मनु गर्ग का कहना है कि इस सेवा का सबसे ज्यादा फायदा लुधियाना व अन्य बड़े शहरों की इंडस्ट्री को भी मिल सकता है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री अगर डिमांड करती है तो उन्हें भी डोर टू डोर सर्विस रेलवे उपलब्ध करवाएगा।

सा SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3


www.summerexpress.in

11 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## मैं बोलूंगा तो...

### चुनावी कागजात, पुलिसिया "छुट्टी" और लोकतंत्र की धक्केबाज़ी



समर न्यूज | पटियाला

*पंजाब के पटियाला में जिला परिषद चुनावों ने लोकतंत्र को इतनी नज़दीक से छुआ कि उसके कागजात ही फट गए। विरोधी दलों के उम्मीदवार सुबह-सुबह नामांकन भरने निकले, पर उन्हें शायद यह नहीं मालूम था कि कागज़ जमा करने से पहले कागज़ को बचाना भी एक कला है। जैसे किसी ने उन्हें बताया ही न हो, "भाई साहिब, नामांकन भरने से पहले मार्शल आर्ट भी सीख आओ!"*

*कहते हैं, उम्मीदवारों के हाथ में फार्म था, पर पुलिस वालों के हाथ में निर्देश था—"फॉर्म देखो, समझो, और छीन लो। लेकिन केंद्र में मत करना, बाकी जगह आप आज़ाद पंछी हो!" अब लोग पूछ रहे हैं कि यह चुनाव नामांकन था या कबड्डी का ट्रायल? किसी के फॉर्म पर दांव, किसी के हाथ में पकड़, किसी का कागज़ टुकड़ों में बदलकर हवा में उड़ा, और लोकतंत्र पीछे खड़ा पूछता रहा, "मेरे साथ ऐसा क्यों?"*

*मामला तब उजागर हुआ जब अकाली दल ने कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग सुना दी, जिसमें साहिब-ए-एसएसपी जैसे बोला जा रहा था—"नामांकन छीनो, फाड़ो, लेकिन दफ्तर में मत करना इज़्ज़त रहती है!" मानो लोकतंत्र की मर्यादा का ध्यान पुलिस ही रख रही हो—दंगे की फ्री डिलिवरी, मगर सरकारी दफ्तर में नहीं! कितना संस्कारी अत्याचार!*

*पुलिस ने कहा—"फेक है, AI है, यह सब झूठ है।" मानो वीडियो नहीं, मंगल ग्रह की चाय-पत्ती हो। लोग फिर पूछ बैठे—"चंडीगढ़ लैब भेज दीजिए, वहां पता चल जाएगा कि आवाज़ असली है या लोकतंत्र नकली!"*

*जैसे ही हाईकोर्ट ने कहा, "भईया, लैब में जांच होगी", उसी शाम एक और घटना घटी—एसएसपी साहिब अचानक छुट्टी पर भेजे गए! कितना प्यारा संयोग! जनता ने तालियां बजाईं, कुछ बोले—"जो कागजात छुड़वा रहे थे, अब खुद छुट्टी छुड़ा ली गई।"*

*उनकी जगह नए साहब आ गए। ऐसा लगा जैसे सरकार कह रही हो—"पिछला सीजन खत्म, नया कलाकार आपकी सेवा में!" अब शायद चुनावी फार्म सुरक्षित रहेंगे, या कम से कम फाड़े जाएंगे तो आवाज़ बंद कर के।*

*चुनाव जारी है, जनता देख रही है, और कागजात सोच रहे हैं—कभी हम राज लिखते थे, अब हमारी किस्मत नाखूनों में है। लोकतंत्र मुस्कुरा रहा है, कह रहा है—"मत डरिए, उद्योग की तरह राजनीति भी अब आउटसोर्स हो रही है कागज़ छीनने तक!"*

*जिला परिषद चुनाव में यह सब हो रहा है, और हम अब भी पूछ रहे हैं—*

*"फार्म जमा हुआ कि फाड़ दिया गया?"*

#MainBolungaTo
#SummerExpress
#SummerNews
#BakwaasBulletin
#SatireShots #FakeSeriousNews

## Good DAY



समर न्यूज | लुधियाना

आपका दिन मंगलमय हो। हर सुबह अपने साथ नई उमंग, नई उम्मीदें और नई ऊर्जा लेकर आती है। कामना है कि यह दिन आपके जीवन में खुशियों, सफलता और सकारात्मकता की नई रोशनी भर दे। जीवन में आने वाली चुनौतियाँ कितनी ही कठिन क्यों न हों, हमें हमेशा हिम्मत और धैर्य के साथ उनका सामना करना चाहिए। आज का दिन आपके लिए नई राहें खोले और आपकी मेहनत सफलता के रंगों से खिल उठे। अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रेम और खुशियों का रिश्ता बनाए रखें। आप हमेशा मुस्कुराते रहें, जीवन के हर पल का आनंद लें और ईश्वर आपकी राहों को सदैव प्रकाशमय रखें। प्रभु से यही प्रार्थना है कि आपके जीवन में सदैव शांति, समृद्धि और सुख का वास रहे। आपका दिन यादगार और शुभ हो।

**रिया अरोड़ा**
**डायरेक्टर, MAAC लुधियाना एवं जालंधर**

# भारत में WHO का दूसरा वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन

## 100+ देशों के प्रतिनिधि दिल्ली पहुंचेंगे, अश्वगंधा पर विशेष सत्र

समर न्यूज | नई दिल्ली

पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्वास्थ्य मॉडल का सशक्त आधार बनाने की दिशा में भारत एक और बड़ी पहल करने जा रहा है। आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरा वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन आगामी 17 से 19 दिसंबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होगा। इस आयोजन का आधिकारिक पूर्वावलोकन मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में जारी किया गया



### आयुष मजबूत आधारः संतुलन बहाल करने की थीम

*केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने बताया कि शिखर सम्मेलन की थीम "संतुलन बहाल करनाः स्वास्थ्य और कल्याण का विज्ञान और अभ्यास" होगी। इसमें 100 से अधिक देशों के स्वास्थ्य मंत्री, नीति-निर्माता, शोधकर्ता, चिकित्सा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा, "भारत पारंपरिक चिकित्सा के वैज्ञानिक और वैश्विक विस्तार का नेतृत्व कर रहा है।" जाधव ने बताया कि भारत इस आयोजन में अश्वगंधा पर विशेष केंद्रित सत्र आयोजित करेगा, जिसमें इस औषधि के औषधीय गुण, आधुनिक शोध और वैश्विक उपयोग पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग, सिद्ध, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी और सोवा-रिग्पा जैसी भारतीय प्रणालियों ने समग्र स्वास्थ्य के विश्वसनीय मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।*

**▪ जामनगर का WHO सेंटर बनेगा केंद्र बिंदु...**

*उन्होंने बताया कि गुजरात के जामनगर में WHO-ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर की स्थापना भारत की विश्वसनीयता और वैश्विक नेतृत्व का प्रमाण है। जाधव ने कहा, "भारत सदियों से 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः' के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है और आज विश्व उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।"*

**▪ WHO का बयानः दशक भर की रूपरेखा...**

*WHO की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पूनम खेत्रपाल ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन पारंपरिक चिकित्सा को वैज्ञानिक प्रमाणों, अनुसंधान, नवाचार और सख्त नियामक संरचना के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में शामिल करने की वैश्विक रणनीति तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक व पारंपरिक चिकित्सा का संतुलन ही भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली को टिकाऊ और समावेशी बनाएगा।*

**▪ प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति संभावित...**

*जाधव ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक पहल को जनता तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।*

**▪ भारत ने शुरू की काउंटडाउन...**

*पूर्वावलोकन के साथ ही भारत ने WHO शिखर सम्मेलन की अंतरराष्ट्रीय काउंटडाउन की शुरुआत कर दी है। भारत का लक्ष्य है— वैज्ञानिक, एकीकृत और समग्र स्वास्थ्य प्रणाली को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाना।*

## मोदी का उत्तराधिकारी? भागवत ने कहा- निर्णय बीजेपी और पीएम ही करेंगे

एजेंसी | चेन्नई

चेन्नई में आयोजित RSS के शताब्दी वर्ष समारोह में संघ प्रमुख मोहन भागवत से एक ऐसा सवाल पूछा गया, जिसने राष्ट्रीय राजनीति में हलचल बढ़ा दी। उनसे पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद देश की कमान किसके हाथ में जाएगी? भागवत ने तुरंत जवाब दिया-"ये फैसला भाजपा और मोदी जी का है।"


भागवत का यह छोटा लेकिन सटीक जवाब राजनीतिक संकेतों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह संदेश साफ था कि RSS उत्तराधिकार की बहस में खुद को शामिल नहीं करेगा, न किसी नाम का समर्थन करेगा और न ही कोई दिशा देगा। पिछले कुछ महीनों से बीजेपी के भविष्य के नेतृत्व को लेकर चर्चाएं चल रही थीं, जिन पर भागवत के बयान ने विराम लगाने की कोशिश की। भागवत ने सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा-"RSS को 1 लाख से ज्यादा स्थानों तक पहुंचाना है। भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है।

# फेक शटडाउन स्कैमः फोन बंद दिखेगा, डेटा चोरी होता रहेगा

## साइबर ठगों की नई चाल का खुलासा

समर न्यूज | चंडीगढ़

मॉडर्न साइबर ठगों ने स्मार्टफोन यूज़र्स को निशाना बनाने का एक नया तरीका खोज लिया है, जिसे 'फेक शटडाउन स्मार्टफोन स्कैम' कहा जा रहा है। इस स्कैम में स्मार्टफोन बंद दिखता है, लेकिन असलियत में इसके कई सिस्टम बैकग्राउंड में चलते रहते हैं और आपकी लोकेशन, मैसेज व कॉल डेटा जैसे संवेदनशील जानकारी चोरी करते रहते हैं। स्मार्टफोन शटडाउन होने पर भी नेटवर्क मॉड्यूल, सिक्योरिटी लाइन और सिग्नल प्रोसेसर जैसे सिस्टम लो-पावर मोड में सक्रिय रहते हैं। इसी तकनीकी खामी का फायदा उठाकर अपराधी एक ऐसा मैलवेयर इंस्टॉल कर देते हैं, जो फोन को पूरी तरह बंद होने की नकली स्क्रीन दिखाता है। स्क्रीन ब्लैक होने के बावजूद फोन का माइक्रोफोन, कैमरा और लोकेशन ट्रैकिंग चालू रहती है, जिससे ठग पीड़ित की हर गतिविधि पर नजर रख पाते हैं। यह मैलवेयर ज्यादातर फेक कूरियर लिंक, डिलीवरी मैसेज, लोन एप्स, थर्ड पार्टी APK फाइल्स या फर्जी बैंक फॉर्म के जरिए फोन में पहुंचता है। इंस्टॉल होते ही यह सिस्टम-लेवल परमिशन मांगता है और यूजर के गलती से अनुमति देने पर असली शटडाउन को ओवरराइड कर देता है। हाल के




मामलों में फॉरेंसिक टीमों ने पाया कि कई पीड़ितों के फोन बंद होने के बावजूद मोबाइल टावर सिग्नल भेज रहे थे और जांच में पता चला कि मैलवेयर SDK लेवल पर बैठकर रेडियो मॉड्यूल को एक्टिव रख रहा था, जिससे लोकेशन और मूवमेंट की पूरी जानकारी अपराधियों तक पहुंच रही थी।

इस खतरनाक स्कैम से बचने के लिए साइबर विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि अनजान APK फाइल या लोन/डिलीवरी लिंक कभी न खोलें, किसी भी एप को एसेसिबिलिटी परमिशन या डिवाइस एडमिन एसेस न दें, केवल गूगल प्ले स्टोर से ही ऐप इंस्टॉल करें और शटडाउन करते समय फोन को वाइब्रेशन मोड पर रखें ताकि असली पॉवर ऑफ की पहचान हो सके। जागरूक रहना ही इस नए साइबर खतरे से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**• ओपनएआई ने किया स्पष्ट, चैटजीपीटी पर अभी कोई ऐड पॉलिसी नहीं**

# चैटजीपीटी हेड की सफाई, बोले-विज्ञापन की अफवाहें गलत, यूजर ने विज्ञापन दिखाने का किया था दावा

एजेंसी | नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर इन दिनों चैटजीपीटी में विज्ञापन दिखने को लेकर चल रही चर्चाओं पर ओपनएआई ने आधिकारिक तौर पर विराम लगा दिया है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट और चैटजीपीटी हेड निक टर्ले ने प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए साफ किया कि चैटजीपीटी पर किसी भी तरह के विज्ञापन का कोई लाइव टेस्ट नहीं चल रहा है। टर्ले के अनुसार सोशल मीडिया पर जो स्क्रीनशॉट शेयर किए जा रहे हैं, वे या तो फर्जी हैं या फिर जिन्हें विज्ञापन समझा गया, वे वास्तव में विज्ञापन नहीं थे। हाल ही में कुछ यूजर्स ने चैटजीपीटी ऐप में ऐसे प्रॉम्प्ट्स और सजेशन्स के स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनका फॉर्मेट विज्ञापनों से मिलता-जुलता था। इससे यूजर्स में भ्रम की स्थिति पैदा हुई कि शायद ओपनएआई चैटजीपीटी में विज्ञापन दिखाने की शुरुआत करने जा रही है। इसी को आधार बनाकर अफवाहें फैलने लगीं।

ओपनएआई के चीफ रिसर्च ऑफिसर मार्क चेन ने भी माना कि चैटजीपीटी में कुछ सजेशन्स देखने में विज्ञापन जैसे लग सकते थे, लेकिन कंपनी ने इन्हें तुरंत बंद कर दिया है। चेन ने कहा कि जो भी चीज विज्ञापन जैसी लगे, उसे बहुत सावधानी से हैंडल किया जाना चाहिए। हमने मॉडल की प्रिसिजन सुधारने के लिए कुछ ऑटो-सजेशन्स टेस्ट किए थे, लेकिन इससे कन्फ्यूजन हुआ। अब इन्हें अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और बेहतर कंट्रोल्स पर काम चल रहा है, ताकि यूजर्स खुद इन्हें ऑन-ऑफ कर सकें।




### कोड रेड पर पहुंचा चैटजीपीटी प्रोजेक्ट

*वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, सजेशन्स पर उठे विवाद और यूजर अनुभव में गिरावट की चिंता को देखते हुए ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने इंटरनली चैटजीपीटी के लिए 'कोड रेड' जारी किया है। ओपनएआई में कलर-कोडेड अलर्ट सिस्टम लागू है, जिसमें रेड लेवल सबसे ज्यादा प्राथमिकता वाला माना जाता है। कोड रेड का मतलब है कंपनी अपने सभी प्रमुख संसाधनों और इंजीनियरिंग टीमों को एक ही उद्देश्य पर केंद्रित कर देती है। इस आदेश के बाद हेल्थ, शॉपिंग-बेस्ड एआई एजेंट्स और पर्सनल असिस्टेंट 'पल्स' जैसे कई प्रोजेक्ट्स को फिलहाल रोक दिया गया है। इससे पहले कंपनी 'कोड ऑरेंज' मोड में थी, जो उच्च प्राथमिकता का स्तर तो होता है, पर रेड जितना गंभीर नहीं।*

**▪ यूजर्स के भरोसे को प्राथमिकता...**

*निक टर्ले और मार्क चेन दोनों ने स्पष्ट किया कि यूजर ट्रस्ट ओपनएआई की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। कंपनी ने कहा है कि अगर भविष्य में कभी विज्ञापनों पर विचार किया भी जाता है, तो यह एक "थॉटफुल और ट्रांसपेरेंट एप्रोच" के तहत किया जाएगा। फिलहाल चैटजीपीटी में विज्ञापनों को लेकर सभी तरह की अफवाहें निराधार हैं।*

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | **सोनाली बोली- एक रिश्ता रंग नहीं, इज्जत और व्यवहार पर टिकता है**


# 11 साल की मोहब्बत पर ट्रोलिंग गैंग का हमला

एजेंसी | जबलपुर

जबलपुर के ऋषभ राजपूत और सोनाली चौकसे की 23 नवंबर को शादी थी। महज एक फोटो, जोकि उनकी शादी के दिन की थी, चंद रोज बाद वो फोटो इंटरनेट की दुनिया में वायरल क्या हुई और उसने लोगों की मानसिकता का खोखलापन उजागर कर दिया। उनकी शादी का 30 सेकंड का छोटा-सा वीडियो, जिसे ऋषभ की बहन ने रिकॉर्ड किया था, कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया पर छा गया। लेकिन यह वायरल होना कोई खुशी भरी बधाई नहीं, बल्कि कटाक्ष और ट्रोलिंग लेकर आया।

वायरल मैसेजों में शादी की शुभकामनाओं से ज़्यादा दोनों के स्किन कलर पर भद्दी टिप्पणियाँ थीं। किसी ने दूल्हा सांवला और दुल्हन गोरी होने पर "अजीब जोड़ी" कहा तो किसी ने इसे "बेमेल" बता दिया। लोगबाग आज भी फेयर एंड लवली की मानसिकता पाले बैठे हैं।

शादी के बाद की रस्मों के बीच एक पड़ोसन ने आकर ऋषभ की मां से कहा, "आपके बेटे का वीडियो वायरल हो गया, उसके मीम बन रहे हैं।" ऋषभ शुरुआत में इसे मज़ाक समझकर हंसे, लेकिन मोबाइल खोलते ही उन्हें झटका लग गया। सोनाली ने कहा, "उस वीडियो में सबसे साफ़ दिख रही थी हमारी खुशी, लेकिन लोगों को वह दिखाई



ही नहीं दी। सोशल मीडिया की बनावटी दुनिया ने उनकी 11 साल की मोहब्बत के सपने को सिर्फ़ रंगभेद में समेट दिया।" कमेंट्स में उनका निजी पल मज़ाक बन गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें भी उड़ने लगीं। किसी ने लिखा कि ऋषभ के पास 5 पेट्रोल पंप हैं, कोई उन्हें मंत्री का बेटा बता रहा था। कुछ ने सोनाली को गोल्ड डिगर तक कह दिया।सोनाली और ऋषभ दोनों ही प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं। सोनाली कहती हैं, "हम बेहद पॉज़िटिव लोग हैं, लेकिन मेरे परिवार वाले परेशान थे। उन्हें लग रहा था कि लोग मुझे मजबूरी में शादी करने वाली लड़की बताकर नीचा दिखा रहे हैं।" ऋषभ बताते हैं कि इस रिश्ते की नींव सुंदरता या रंग पर नहीं, बल्कि सम्मान और इंसान की अच्छाई पर रखी गई है। "सोनाली की विनम्रता, मेहनत और जीवन को लेकर उनकी गंभीरता ने मुझे आकर्षित किया," वे कहते हैं।


### ऐसे हुई पहली मुलाकात

*2014 में कॉलेज में पहली मुलाक़ात, 2015 में प्रपोज़ल और विवाह तक पहुंचने के लिए 11 साल की मेहनत और संघर्ष। "यह वीडियो सिर्फ़ 30 सेकंड का नहीं, 11 साल की जर्नी का नतीजा है," ऋषभ कहते हैं। सोनाली जोड़ती हैं, "एक रिश्ता रंग नहीं, इज़्ज़त और व्यवहार पर टिकता है। अगर इंसान अच्छा न हो तो गोरे रंग का क्या मतलब?" ट्रोलिंग के बावजूद दोनों के चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष है। सोनाली धीरे से कहती हैं, "हमने छोटे-छोटे सपनों और बचत से इस दिन को बनाया है।"*

# एपल का अलर्टः iPhone यूजर्स को क्रॉम से दूरी बरतने की सलाह

एजेंसी | नई दिल्ली

एपल ने iPhone उपयोगकर्ताओं को एक नया महत्वपूर्ण अलर्ट जारी करते हुए गूगल क्रॉम ब्राउजर के इस्तेमाल से सावधान किया है। कंपनी का कहना है कि गूगल क्रॉम नई ट्रैकिंग तकनीक 'फिंगरप्रिंटिंग' से सुरक्षा नहीं दे पाता, जबकि सफारी इस खतरे से बचाने में ज्यादा सक्षम है। फिंगरप्रिंटिंग एक ऐसी छिपी हुई ट्रैकिंग तकनीक है, जो फोन की कई छोटी–छोटी टेक्निकल जानकारियों को जोड़कर यूजर की एक यूनिक डिजिटल पहचान बना लेती है। इसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसे यूजर बंद नहीं कर सकता,



जबकि कुकी ट्रैकिंग में ऑप्ट-आउट किया जा सकता है। दुनियाभर में 300 करोड़ से ज्यादा गूगल क्रॉम उपयोगकर्ताओं के बीच एपल की यह चेतावनी काफी अहम मानी जा रही है।

एपल का कहना है कि सफारी डिवाइस की असली कॉन्फिगरेशन छिपाकर सभी यूजर्स को ट्रैकर्स की नजर में एक जैसा दिखाता है, जिससे विज्ञापन कंपनियों के लिए किसी एक यूजर को पहचान पाना मुश्किल होता है। मोजिला ने भी फायरफॉक्स में ऐसी तकनीक जोड़ी है, जो ट्रैकर्स को सीमित या गलत डेटा भेजकर यूजर की पहचान को सुरक्षित रखती है। प्राइवेसी को लेकर बढ़ती चिंता के बीच एपल ने स्पष्ट किया है कि ब्राउजर का चुनाव यूजर की पसंद है, लेकिन जो लोग ऑनलाइन सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता देते हैं, उन्हें सफारी का इस्तेमाल जारी रखना चाहिए।

# हरियाणा में डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से अस्पतालों की सेवाएं ठप, सरकार ने लगाया एस्मा

## एसएमओ डायरेक्ट भर्ती व एसीपी लागू करने की मांग पर अड़े सरकारी डॉक्टर, यमुनानगर में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में सीनियर मेडिकल ऑफिसर की डायरेक्ट भर्ती और एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन सहित लंबित मांगों को लेकर सरकारी डॉक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। 8 और 9 दिसंबर की दो दिवसीय हड़ताल के बाद भी सरकार के साथ बातचीत आगे न बढ़ने पर डॉक्टरों ने कठोर कदम उठाते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन का रास्ता चुना है। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं।

पंचकूला में डीजी हेल्थ ऑफिस के बाहर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं, जबकि हिसार में सिविल अस्पताल प्रशासन ने प्रोबेशन पर चल रहे 25 डॉक्टरों को शोकॉज नोटिस जारी किया है। हिसार में ही 8 महीने की गर्भवती सुनीता को खून चढ़वाने की जरूरत होने के बावजूद अस्पताल में बेड न मिलने से उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। उसका पति हाथ में खून की थैली लेकर अस्पताल परिसर में बेड की तलाश में भटकता रहा।


ओपीडी के बाहर डॉक्टरों के इंतजार में बैठे मरीज - समर न्यूज़

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने कहा कि सरकार ने एसएमओ की डायरेक्ट भर्ती का मुद्दा मान लिया था, लेकिन एसीपी लागू करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंजूरी दे चुके हैं, मगर वित्त विभाग अधिसूचना जारी नहीं कर रहा। हमारी लड़ाई स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की है। एसोसिएशन का कहना है कि अभी तक सरकार की ओर से औपचारिक बातचीत के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

सरकार ने हड़ताल रोकने के लिए एस्मा लागू कर दिया है। छह महीने तक स्वास्थ्य विभाग में किसी भी तरह की हड़ताल पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही हड़ताल पर गए डॉक्टरों की सैलरी रोकने का आदेश भी जारी हुआ है। नो वर्क, नो पे नियम के तहत हड़ताली कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जाएगा।

**सोनीपत, करनाल, यमुनानगर में हालात बिगड़े :** करनाल में 140 डॉक्टर हड़ताल पर हैं और अस्पतालों का काम रिटायर्ड, बीएमएस और डेंटल डॉक्टरों के सहारे चलाया जा रहा है। सोनीपत में तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। सामान्य दिनों में 2,000 मरीज ओपीडी में आते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 1500 से भी कम हो गई है। कई डॉक्टर पंचकूला में चल रहे अनशन के समर्थन में रवाना हो गए। अल्ट्रासाउंड सहित कई जांच सेवाएं प्रभावित रहीं और मरीज जानकारी के अभाव में भटकते रहे।

# हिसार एयरपोर्ट से उड़ानें 6 प्रतिशत बढ़ीं

## हिसार-जयपुर, अयोध्या और दिल्ली फ्लाइट अब सप्ताह में दो बार संचालित होंगी

समर न्यूज़ | हिसार




हरियाणा के हिसार हवाई अड्डे को देश के एयर नेटवर्क में और मजबूत बनाने के लिए नई तैयारियां की जा रही हैं। इस साल 26 अक्टूबर 2025 से 28 मार्च 2026 तक चलने वाले विंटर सीजन में हिसार से उड़ानों की संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग 6% बढ़ाई जाएगी। नया फ्लाइट शेड्यूल 26 नवंबर 2025 से लागू हो गया है। नए शेड्यूल के लागू होने से हिसार हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यात्रियों को अन्य शहरों के लिए सीधी उड़ानों का लाभ मिलेगा, जबकि एयरलाइंस को नए रूट पर ऑपरेशन करने का अवसर मिलेगा। इससे दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे शहर ग्लोबल एविएशन हब के रूप में उभरने में मदद मिलेगी।

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट में नए विंटर शेड्यूल के तहत हिसार-जयपुर, हिसार-अयोध्या और हिसार-दिल्ली फ्लाइट अब सप्ताह में दो बार संचालित होंगी। वहीं हिसार-चंडीगढ़ फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन चलेगी। इससे पहले हिसार-अयोध्या, हिसार-दिल्ली और हिसार-जयपुर फ्लाइट केवल सप्ताह में एक दिन ही उड़ान भरती थीं। चंडीगढ़ फ्लाइट पहले बुधवार और शनिवार ही संचालित होती थी। फिलहाल हिसार से जम्मू और अहमदाबाद के लिए नई फ्लाइट शुरू करने की कोई योजना नहीं बनाई गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, नया शेड्यूल एयरलाइंस के रीजनल कनेक्टिविटी विस्तार और टियर-2 व टियर-3 शहरों में बेहतर कनेक्टिविटी पर केंद्रित है। हिसार, अमरावती, पूर्णिया और रूपसी के जुड़ने से स्थानीय और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होने की उम्मीद है। देशभर के 126 हवाई अड्डों से कुल 26,495 साप्ताहिक उड़ानों को मंजूरी दी गई है। ग्रीष्मकालीन 2025 में 129 हवाई अड्डों से 25,610 उड़ानों का संचालन हुआ था। हिसार और अमरावती जैसे नए हवाई अड्डे रीजनल कनेक्टिविटी के विस्तार को दर्शाते हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट, भावनगर, लुधियाना, पाकयोंग और श्रावस्ती हवाई अड्डों पर फ्लाइट संचालन स्थगित कर दिया गया है।

# ज्योति मल्होत्रा ने हाईकोर्ट से मांगी जमानत

## हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब


ज्योति मल्होत्रा - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ज्योति मल्होत्रा 15 मई 2025 से जेल में बंद हैं।

जमानत याचिका में ज्योति के वकील ने दलील दी है कि उनकी क्लाइंट एक पेशेवर ट्रैवल ब्लॉगर हैं और वह केवल सार्वजनिक रूप से कंटेंट पोस्ट करती हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि ज्योति एक महिला हैं और उनके परिवार में बुजुर्ग पिता और बीमार चाचा हैं, जिनकी देखभाल का पूरा जिम्मा उन्हीं पर है।

ज्योति मल्होत्रा पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2023 में पाकिस्तान उच्चायोग, नई दिल्ली का वीज़ा आवेदन किया था, जहां उनकी मुलाकात पाकिस्तानी अधिकारी अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई। आरोप है कि उन्होंने भारत से संबंधित संवेदनशील सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। वकील ने इस मामले में बीएनएस की धारा 152 को चुनौती देते हुए तर्क दिया है कि उनकी क्लाइंट को न्याय मिलने का अधिकार है और उन्हें जेल में रखे जाने के कारण व्यक्तिगत और पारिवारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

हाईकोर्ट की नोटिस के बाद अब हरियाणा सरकार को याचिका पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करनी होगी। अदालत ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख भी तय की है।

## सरकार ने प्रस्तावित 11 नए जिलों की तैयारी की शुरू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

राज्य में प्रशासनिक सुधार और बेहतर जनसुविधा के लिए हरियाणा सरकार 11 नए जिलों के निर्माण पर विचार कर रही है। चंडीगढ़ में हुई उच्चस्तरीय बैठक में असंध, नारायणगढ़, मानेसर, पटौदी, पिहोवा, हांसी, बरवाला, सफीदों, गोहाना और डबवाली को नए जिले बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में केवल नए जिलों के नाम ही नहीं, बल्कि संभावित सब-डिविजन, तहसील और उप-तहसील के निर्माण के प्रस्तावों का भी विस्तृत अध्ययन किया गया। सूत्रों के अनुसार, कमेटी ने कुल 62 प्रस्ताव तैयार किए हैं और उन्हें मुख्यमंत्री को सौंप दिया गया है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय नए साल शुरू होने से पहले लिया जाना जरूरी है, क्योंकि आगामी जनगणना के शुरू होने से पहले सीमा निर्धारण की यही अंतिम तिथि है।

# फर्जी आर्म्स लाइसेंस - कार डीलिंग के नाम पर ठगी करने वाला काबू

## आरोपी ने पंजाब से असलहा लाइसेंस बनवाने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की थी

समर न्यूज़ | अंबाला

पुलिस ने एक बड़े ठगी रैकेट का पर्दाफाश करते हुए ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब से आर्म लाइसेंस बनवाने और गाड़ी खरीद-फरोख्त के नाम पर लोगों से लाखों रुपये हथियाता था। आरोपी लोगों को भरोसे में लेकर कभी आर्म लाइसेंस दिलाने तो कभी उनकी पसंद की गाड़ी उपलब्ध कराने का झांसा देता था। पैसे लेने के बाद वह न तो लाइसेंस दिलाता था और न ही गाड़ी सौंपता था। शिकायत मिलने के बाद बलदेवनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान पुलिस ने उसे पंजाब के लुधियाना से काबू कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी - समर न्यूज़

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने शिकायत में कहा था कि आरोपी ने पंजाब से आर्म लाइसेंस बनवाने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की थी, जिसमें से 80 हजार रुपये एडवांस भी ले लिए। बाद में आरोपी ने पीड़ित को गाड़ी दिलाने का भरोसा दिलाया और गाड़ी उसके नाम ट्रांसफर भी कर दी, लेकिन गाड़ी कभी सौंपी नहीं। लगातार टालमटोल और धोखाधड़ी की आशंका पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों को इसी तरह ठगा है।

## तेज रफ्तार डंपर ने सात गाड़ियां कुचली

समर न्यूज़ | करनाल

करनाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर घरौंडा स्थित विश्राम गृह के पास बुधवार दोपहर बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार डंपर ने बारात में शामिल सात वाहनों को अचानक टक्कर मार दी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। हादसे में करीब दो दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरात घरौंडा के गांव रसीन से पलहेड़ी की ओर जा रही थी। बराती वाहन हाईवे के किनारे नियंत्रित रफ्तार में चल रहे थे, तभी पीछे से आए तेज डंपर ने एक के बाद एक कई गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ियों के आगे–पीछे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे के बाद जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही घरौंडा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को दोबारा सुचारु कराया। प

# महिला से छेड़छाड़ मामले में फर्जी डॉक्टर को 12 साल की सजा

## अदालत ने दोषी पर लगाया डेढ़ लाख रुपये जुर्माना

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

गर्भवती महिला से छेड़छाड़ के मामले में फर्जी डॉक्टर रामपाल को जिला अदालत ने 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अतिरिक्त, पीड़िता को 25 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया है। यह घटना थाना लाडवा क्षेत्र की है। 15 जून 2023 को छह महीने की गर्भवती महिला अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान एक व्यक्ति उसके घर आया और खुद को डॉक्टर बताकर घर पर ही जांच करने की बात कही। महिला के विश्वास करने पर आरोपी उसे कमरे के अंदर ले गया। कमरे में आरोपी ने कथित तौर पर महिला के साथ छेड़छाड़ और गलत हरकत की। जब महिला ने विरोध किया, तो उसने जान से मारने की धमकी दी




और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद आरोपी की पहचान रामपाल के रूप में हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, जमानत मिलने के बाद वह 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार किया। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई और महज ढाई वर्षों में फैसला आ गया। लंबी सुनवाई के बाद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर रामपाल को दोषी ठहराया।

# सरकार ने बाढ़ प्रभावित 53,821 किसानों को दिया 116 करोड़ रुपये मुआवजा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता में बताया कि अगस्त–सितंबर में भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों को सरकार ने व्यापक राहत प्रदान की है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद नुकसान की पहचान हेतु ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल शुरू किया गया, जिसके माध्यम से अब तक 53,821 किसानों को 116 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है। इसमें बाजरे की फसल के लिए 35.29 करोड़, कपास के लिए 27.43 करोड़, धान के लिए 22.51 करोड़ और गवार के लिए 14.10 करोड़ रुपए शामिल हैं। जिलावार राहत में चरखी दादरी को सर्वाधिक 23.55 करोड़, हिसार को 17.82 करोड़ और भिवानी को 12.15 करोड़ रुपए प्रदान किए गए। सत्यापन के बाद कुल 1,20,380 एकड़ कृषि भूमि को क्षतिग्रस्त पाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में किसानों को आपदा राहत और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 15,448 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

बाजरा किसानों के लिए भी बड़ी राहत की घोषणा की गई। खरीफ 2021 में बाजरा को भावांतर भरपाई योजना में शामिल करने के बाद अब 1,57,000 किसानों को 358.62 करोड़ रुपए की भुगतान राशि जारी की गई है।

सरकार ने शहरी विकास के लिए भी EDC फंड से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व संबंधित मेट्रो विकास प्राधिकरणों को 1,700 करोड़ रुपए, जबकि बाहरी विकास कार्यों के लिए 1,500 करोड़ रुपए जारी किए हैं। किसानों के ऋण समाधान हेतु शुरू की गई एकमुश्त निपटान योजना के तहत PACS से ऋण लेने वाले किसानों को मूल राशि जमा करवाने पर पूरा ब्याज माफ किया जाएगा।

इससे 6.81 लाख किसानों को लाभ मिलेगा और 2,266 करोड़ रुपए का ब्याज माफ होगा।

## डीएसपी के रीडर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

समर न्यूज़ | पलवल

डीएसपी के रीडर हेड कांस्टेबल राजकुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उनका शव पलवल जिले के होडल क्षेत्र में भुलवाना स्थित चमेली वन रोड पर पेड़ से फंदे पर लटका मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत होडल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार, निवासी अतबा हसनपुर (पलवल) के रूप में हुई। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। राजकुमार पिछले तीन साल से नूंह जिले में पोस्टेड थे और फिरोजपुर झिरका के डीएसपी अजायब सिंह के रीडर के रूप में ड्यूटी निभा रहे थे। जानकारी के अनुसार, राजकुमार पिछले तीन दिनों से अपने गांव में पारिवारिक कार्यक्रम के चलते छुट्टी पर थे। मंगलवार सुबह वह ड्यूटी पर लौटने के लिए घर से निकले, लेकिन कार्यालय नहीं पहुंचे। कुछ घंटों बाद उनका शव पेड़ से लटका मिला।

# अमीनाबाद में पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव करके आरोपी को छुड़ाया

समर न्यूज़ | नूंह

हरियाणा के नूंह जिले के अमीनाबाद गांव में पुलिस टीम पर हमला हो गया। साइबर ठगी के आरोपी को पकड़ने पहुंची सीआईए टीम पर ग्रामीणों ने अचानक पथराव कर दिया, जिससे हालात बेकाबू हो गए। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और भीड़ ने आरोपी को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस साइबर फ्रॉड मामले में नामजद आरोपी रियाज पुत्र रफीक की लोकेशन ट्रेस कर अमीनाबाद पहुंची थी। टीम ने रियाज को मौके से काबू कर लिया, लेकिन उसने जोर–जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसके परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और आरोपी को छुड़ाने की कोशिश करने लगे।

पुलिस टीम आरोपी को लेकर निकलने लगी तभी ग्रामीणों ने अचानक पथराव कर दिया। लगातार बढ़ रही भीड़ और बेकाबू होते हालात को देखते हुए पुलिसकर्मियों को जान बचाकर भागना पड़ा। इस दौरान चार जवान गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पथराव में कुछ ग्रामीणों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।फिलहाल पुलिस विभाग ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बिछोर थाना ने घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, हमले की परिस्थितियों और भीड़ के व्यवहार को लेकर जांच के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। गौरतलब है कि अमीनाबाद में यह एक महीने के भीतर पुलिस टीम पर हमला होने की दूसरी घटना है। इससे पहले भी ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया था, जिसे स्थानीय नेता के हस्तक्षेप में समझौते के जरिए सुलझाया गया था।

नीति

## सामान्य मकान और छोटी दुकानों का ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट अब आर्किटेक्ट ही जारी करेंगे

# सरकार ने बदले बिल्डिंग कोड, मकान निर्माण और मंजूरी प्रक्रिया हुई आसान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने शहरों में भवन निर्माण व्यवस्था को सरल बनाने के लिए बिल्डिंग कोड–2017 में व्यापक संशोधन किए हैं। इन बदलावों के बाद आम लोगों से लेकर दुकानदारों, बिल्डर्स, उद्योगपतियों और निवेशकों तक, सभी को भवन निर्माण संबंधी परमिशन और कब्जा प्रमाणपत्र (ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट) प्राप्त करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगी। सरकार ने यह कदम हरियाणा के शहरी क्षेत्रों में निर्माण गति को बढ़ाने और पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से उठाया है।

नए नियमों के तहत ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट के लिए लंबे समय तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। अब कम जोखिम वाले



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक करते हुए - समर न्यूज़

भवन,जैसे कि सामान्य मकान और छोटी दुकानों का ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट आर्किटेक्ट स्वयं जारी कर सकेगा। वहीं, बड़े और अधिक जोखिम वाले प्रोजेक्ट का प्रमाणन थर्ड पार्टी तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। सरकार ने पहली बार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) की हाउसिंग के लिए भी स्पष्ट मानक निर्धारित किए हैं। नए नियमों के अनुसार EWS मकानों में शौचालय का न्यूनतम आकार 0.90 वर्गमीटर और स्नानघर 1.20 वर्गमीटर होगा। यदि दोनों एक साथ बनाए जाते हैं, तो उनकी न्यूनतम संयुक्त जगह 1.80 वर्गमीटर होगी। यह सुधार EWS घरों में बेहतर सुविधाओं को सुनिश्चित करेगा। फ्लोर एरिया रेशियो (FAR) को लेकर भी महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। उद्योगों को अब 150 प्रतिशत से अधिक FAR खरीदने की सुविधा प्रदान की गई है, जबकि डेटा सेंटरों के लिए FAR को बढ़ाकर 500 प्रतिशत तक किया गया है। इसके अलावा, व्यावसायिक और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, जैसे होटल, रिसॉर्ट और शॉपिंग मॉल के लिए भी FAR सीमा बढ़ाई गई है। इन संशोधनों से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश, विकास और नए प्रोजेक्ट्स की संभावनाएँ मजबूत होंगी।

ऊंची इमारतों और बड़े प्रोजेक्ट्स में फायर NOC अब अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही सोलर पैनल इंस्टॉलेशन और ऊर्जा दक्षता मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाएगा। इससे भवनों को अधिक सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को नए नियमों से विशेष लाभ होने की उम्मीद है, क्योंकि पहले FAR की सीमाओं के कारण कई प्रोजेक्ट बाधित हो रहे थे। नियमों को सख्त बनाते हुए सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई भवन मालिक गलत जानकारी देकर निर्माण करता है या दस्तावेजों में गड़बड़ी करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट तत्काल रद्द किया जा सकता है। संबंधित आर्किटेक्ट या इंजीनियर के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पूरा सिस्टम डिजिटल मोड पर लाते हुए हर आवेदन, निरीक्षण रिपोर्ट, स्वीकृति और ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट की स्थिति ऑनलाइन ई–रजिस्टर में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगी। इससे फाइलें दबाने, रिपोर्ट रोकने या देरी से मंजूरी देने जैसी समस्याओं का अंत होगा। सरकार का दावा है कि ऑनलाइन सिस्टम पारदर्शिता बढ़ाएगा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगा।

# संबंधों को लेकर दोस्त ने की महिला की हत्या

## आरोपी ने हत्या कर शव को मिट्टी में दबाया था

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में 27 नवंबर से गायब हुई जावेदा खातून की गुमशुदगी अब हत्या के मामले में बदल गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि जावेदा की हत्या किसी अनजान व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके ही करीबी दोस्त ने की थी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों के बीच अवैध संबंध को लेकर विवाद हुआ, जिसके चलते यह वारदात अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार, 27 नवंबर की रात जावेदा अपने मित्र संजय से मिलने सुशांत लोक स्थित किराए के कमरे में पहुंची थी। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच किसी मुद्दे पर तीखी बहस हो गई। इसी दौरान संजय ने गुस्से में आकर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद उसने शव को ठिकाने लगाने के लिए इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास खाली पड़े मैदान में मिट्टी में दबा दिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी - समर न्यूज़

रविवार दोपहर एक राहगीर ने कंट्रोल रूम में फोन कर बताया कि शराब ठेके के पीछे खाली जमीन में एक महिला का शव मिट्टी में दबा दिखाई दे रहा है। सूचना पर सेक्टर-29 थाना पुलिस, एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम तुरंत मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने मिट्टी खुरचकर महिला का शव बरामद किया, जिसमें चेहरा हल्का बाहर दिखाई दे रहा था। शव की हालत देखकर पुलिस ने इसे संदिग्ध मृतक घोषित कर जांच तेज कर दी।

जांच के दौरान पता चला कि जावेदा मूल रूप से असम के दारांग जिले की रहने वाली थी। गुरुग्राम में वह सुखराली क्षेत्र में अपनी महिला मित्र के साथ किराए के मकान में रहती थी। उसकी सहेली ने 1 दिसंबर को सेक्टर-18 थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि जावेदा 27 नवंबर की रात दोस्त के घर जाने की बात कहकर निकली थी और दो घंटे में लौटने को कहा था, लेकिन उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया।

आरोपी ने हत्या की बात कबूल की

सघन जांच के बाद पुलिस ने सोमवार दोपहर आरोपी संजय (26) को पकड़ लिया। संजय मूल रूप से राजस्थान के कोटपूतली का रहने वाला है और गुरुग्राम में एसी रिपेयर का काम करता है। उसका ताऊ सुशांत लोक में गार्ड की नौकरी करता है, और संजय भी उसके साथ वहीं रहता था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि विवाद के दौरान उसने गुस्से में आकर जावेदा की हत्या की और शव को मिट्टी में दबा दिया। पुलिस अब वारदात से जुड़े तकनीकी सबूत, फोन लोकेशन, कॉल रिकॉर्ड और घटनास्थल की जांच के आधार पर केस को आगे बढ़ा रही है।

# कांग्रेस वॉल्वो में घूमें या जम्बो-जेट में 2027 में उतरना उन्हें 'पैदल' ही पड़ेगा : भाजपा

राहूल | धर्मशाला
समर न्यूज

पूर्व उद्योग मंत्री और विधायक बिक्रम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार प्रदेश के इतिहास की सबसे विफल सरकार साबित हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु के हालिया बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी 2027 में वॉल्वो या जम्बो-जेट में भी घूमेगी, तो जनता उन्हें पैदल घर भेजने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार की तरह कांग्रेस हिमाचल में 'ऑल्टो मॉडल' में फिट होगी, क्योंकि जनता अब उनकी हकीकत जान चुकी है।



विधायक बिक्रम ठाकुर। - समर न्यूज

बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सरकार के तीन साल के कार्यकाल में जनता निराश और परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास अपनी कोई नई योजना नहीं है, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार की दर्जनों योजनाओं को बंद कर दिया गया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक कल्याण से जुड़ी सेवाए बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।पूर्व मंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सेवाओं में महंगाई बढ़ाकर जनता पर करों का बोझ डाला है। लगातार बढ़ते कर्ज ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर दिया है। केंद्र सरकार से मिली निधियों का सही उपयोग न होने से विकास परियोजनाए प्रभावित हुई हैं और कई योजनाएँ धीमी गति से चल रही हैं।उन्होंने कहा कि पालमपुर यूनिवर्सिटी और धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के विकास कार्यों में देरी से शिक्षा क्षेत्र को बड़ा नुकसान हुआ है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि हर वर्ग में असंतोष बढ़ रहा है और जनता अब अपने हक के लिए आवाज़ बुलंद कर रही है।उन्होंने दावा किया कि 2027 के चुनावों में जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी और भाजपा की नीतियों में एक बार फिर भरोसा जताएगी।

### इंदौरा के माजरा में वॉइस लैस फाउंडेशन की आड़ में अमानवीय घटना

# 300 कुत्तों के बीच जिंदा गाय फेंकने का आरोप

संजीव। नूरपुर
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा की तहसील इंदौरा के माजरा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यहां पठानकोट निवासी सोनिया चौधरी, जो "वॉइस लैस फाउंडेशन" नामक संस्था चलाती हैं, पर लगभग 300 आवारा कुत्तों के बीच जिंदा गाय फेंकने का आरोप लगा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संस्था द्वारा बनाए गए ऊंची चारदीवारी वाले परिसर में करीब 200 से 300 कुत्ते रखे गए हैं। बताया जा रहा है कि महिला लंबे समय से इन कुत्तों को जिंदा जानवर खिलाने जैसे अमानवीय कार्य करती रही है। दो दिन पहले की घटना में महिला ने एक जिंदा गाय को कुत्तों के झुंड के बीच फेंक दिया, जिसके बाद कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। गाय



कुत्तों के बीच फेंकी गई जिंदा गाय। - समर न्यूज

दर्द से तड़पती रही और उसकी चीखें दूर तक सुनाई दीं। यह भयावह दृश्य देखकर ग्रामीण अपनी छतों पर इकट्ठा हुए और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गाय को कुत्तों से छुड़ाकर इलाज के लिए गौशाला भेजा गया। इस घटना ने पूरे इलाके में नैतिक और धार्मिक आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के सह निदेशक राजेश पठानिया ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी संस्था के खिलाफ शिकायतें सामने आई थीं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गाय हिंदू समाज के लिए आस्था और धर्म का प्रतीक है, और इस तरह की घटनाएं समाज के लिए पीड़ादायक हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों पर सख्त कानून बनाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी क्रूरता न हो सके।

इस पूरे मामले पर एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद "वॉइस लैस फाउंडेशन" चलाने वाली महिला सोनिया चौधरी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष और त्वरित होगी।

## टिपर यूनियन का धरना तीसरे दिन भी जारी

सुभाष। बिलासपुर
समर न्यूज

अपनी मांगों को लेकर चल रहा टिपर यूनियन का धरना बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब तक कंपनी प्रबंधन उनकी जायज मांगों को स्वीकार नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।यूनियन ने आरोप लगाया कि लगातार तीन दिनों से धरने पर बैठे होने के बावजूद कंपनी प्रबंधन की ओर से अब तक कोई वार्ता नहीं की गई है, जिससे सदस्यों में गहरा रोष व्याप्त है।

धरने के तीसरे दिन जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और यूनियन को अपना पूर्ण समर्थन दिया।उन्होंने कहा कि टिप्पर ऑपरेटरों की मांगें पूरी तरह से उचित हैं और उनकी अनदेखी करना अन्यायपूर्ण है। गौरव शर्मा ने कहा कि इससे पहले भी गावर कंपनी द्वारा बिलासपुर के लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई थी और रोजगार देने के वादे पूरे नहीं किए गए।

# भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मुकाबला, ऑफलाइन टिकटें 1500 की

### 12 दिसंबर को आएंगी भारत-साउथ अफ्रीका की टीमें, 13 को होगा प्रैक्टिस सेशन

राहूल। धर्मशाला
समर न्यूज

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मुकाबले के लिए ऑनलाइन टिकटें 1750 रुपये में बिकीं, जबकि ऑफलाइन टिकटें 1500 रुपये में उपलब्ध होंगी। यह टिकट मूल्य श्रेणी की सबसे सस्ती टिकट है। एचपीसीए के संयुक्त सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि ऑफलाइन टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से स्टेडियम के बाहर स्थित काउंटरों पर शुरू की जाएगी।

ऑफलाइन बिक्री में किसी भी प्रकार की छूट नहीं होगी और एक पहचान पत्र पर केवल दो टिकटें ही दी जाएंगी। टिकट खरीदने के लिए आधार कार्ड या अन्य मान्य पहचान पत्र आवश्यक रहेगा। मैच के लिए दोनों टीमें 12 दिसंबर को चार्टर






धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम। - समर न्यूज़

प्लेन से धर्मशाला पहुंचेंगी। 13 दिसंबर को उनका प्रैक्टिस सेशन निर्धारित है । दोपहर 4:30 से 7:30 बजे तक साउथ अफ्रीका और 7:30 से 10:00 बजे तक टीम इंडिया अभ्यास करेगी। मैच की तैयारियों के चलते एचपीसीए ने स्टेडियम को 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आगंतुकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। सामान्य दिनों में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक स्टेडियम घूमने पहुंचते हैं, लेकिन मैच के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर इसे अस्थायी रूप से बंद किया जाता है। एचपीसीए की ओर से मैच में शामिल होने के लिए तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भी निमंत्रण भेजा गया है। धर्मशाला में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। रविवार को होने वाले इस मैच के लिए स्थानीय निवासियों के साथ-साथ देशभर से दर्शकों के आने की संभावना है। इससे पहले भी धर्मशाला में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैचों में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिल चुकी है।संयुक्त सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि स्टेडियम में सभी सुरक्षा, आतिथ्य और दर्शक प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि एचपीसीए की टीम हर स्तर पर यह सुनिश्चित कर रही है कि दर्शकों को विश्वस्तरीय क्रिकेट अनुभव मिले। उन्होंने अपील की कि क्रिकेट प्रेमी टिकट खरीदते समय केवल अधिकृत काउंटरों और वेबसाइटों से टिकटें लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या धोखाधड़ी से बचा जा सके।

# पड्डल मैदान सम्मेलनः आज मंडी शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

### वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू , जन संकल्प सम्मेलन के लिए तैयार मंडी पुलिस का नया ट्रैफिक प्लान

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज

11 दिसंबर को मंडी के पड्डल मैदान में होने वाले जन संकल्प सम्मेलन को देखते हुए मंडी पुलिस ने पूरे शहर के लिए एक विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि सम्मेलन के दिन सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शहर में भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह प्रतिबंध खलियार, बिंद्रावणी, चक्कर और तल्याहड़ की ओर से आने वाले बड़े वाहनों पर लागू होगा।

सम्मेलन के कारण शहर में वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया गया है। तल्याहड़ से मंडी बस स्टैंड की ओर आने वाली बसें सन्यारडी बाईपास–कैहनवाल चौक–पुलघराट मार्ग से एकतरफा चलेंगी, जबकि मंडी से तल्याहड़ जाने वाली बसें स्कोडी ब्रिज–जेल रोड मार्ग से होकर जाएंगी। छोटे वाहनों को सामान्य आवाजाही की अनुमति रहेगी।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मंडी बस स्टैंड के बाहर टैक्सी और ऑटो पार्किंग सम्मेलन



वाले दिन प्रतिबंधित रहेगी। सभी एलएमवी (लाइट मोटर वाहन) के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 1,000 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। इनमें निशुल्क और सशुल्क दोनों प्रकार की पार्किंग उपलब्ध रहेगी।

सम्मेलन में आने वाली बसों के लिए अलग-अलग ड्रॉपिंग और पार्किंग स्थान निर्धारित किए गए हैं। बिलासपुर-सुंदरनगर रूट की बसें चक्कर से होटल वैली व्यू (ओल्ड एनएच-21) होते हुए पड्डल मैदान के पास यात्रियों को उतारेंगी। इसके बाद ये बसें बिंद्रावणी से यू-टर्न लेकर मलोरी टनल के आगे फोरलेन पर पार्क होंगी। कुल्लू-मनाली और पंडोह रूट की बसें आईएसबीटी मंडी के पास यात्रियों को उतारेंगी और फिर पुलघराट–सब्जी मंडी–मलोरी टनल मार्ग से होकर बिंद्रावणी के आगे पार्क की जाएंगी। इसी तरह जोगिंद्रनगर और पधर रूट की बसें आईएसबीटी मंडी के पास यात्रियों को उतारने के बाद विक्टोरिया ब्रिज के पास नदी किनारे बनी पार्किंग में खड़ी की जाएंगी।

शहर में कई मार्गों पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी। गांधी चौक से विक्टोरिया ब्रिज तक का मार्ग केवल एलएमवी वाहनों के लिए एकतरफा रहेगा। वहीं दोपहिया और तिपहिया वाहनों को इस पर छूट दी गई है। विक्टोरिया ब्रिज की ओर से आने वाले वाहनों को पुरानी मंडी रोड से भेजा जाएगा। इसके अलावा आईटीआई चौक से मार्केट–ओल्ड सुकेती पुल तक भी वन-वे रहेगा। मार्केट से आईटीआई चौक होते हुए न्यू सुकेती ब्रिज की ओर जाने वाला मार्ग भी एकतरफा रहेगा।पुलघराट–सब्जी मंडी–मलोरी सड़क पर बसें और भारी वाहन केवल मलोरी की दिशा में वन-वे चलेंगे, जबकि छोटे वाहनों को जरूरत के अनुसार प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि सम्मेलन समाप्त होने के बाद जनता को बसों में चढ़ाने के लिए स्पॉट निर्धारित किए गए हैं।

बिलासपुर-सुंदरनगर रूट वाले यात्री पुलघराट के पास, कुल्लू व पंडोह रूट के यात्री भ्यूली क्षेत्र से, जबकि जोगिंद्रनगर और पधर रूट वाले यात्री विक्टोरिया ब्रिज के पास रिवर बेड पार्किंग से बसों में चढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की विशेष तैनाती की जाएगी और लोगों से अपील की गई है कि वे पुलिस के निर्देशों का पालन करें ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में किसी तरह की बाधा न आए।

### 650 जवानों की तैनाती 6 सेक्टरों में बांटा गया शहर

# जन संकल्प सम्मेलन को लेकर पुलिस सतर्क

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज

मंडी के पड्डल मैदान में 11 दिसंबर को होने वाले जन संकल्प सम्मेलन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए कुल 650 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहर को 6 सुरक्षा सेक्टरों में विभाजित किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

सभा स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए गाड़ियों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। इन पार्किंग क्षेत्रों को भी उप-सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जहां पुलिस कर्मी



पुलिस जवानों की तैनाती। - समर न्यूज़

लगातार निगरानी रखेंगे। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि सभा स्थल में खाने-पीने का सामान, बैग और पर्स ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन ज्वलनशील या नुकीले पदार्थों को लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जांच के दौरान किसी भी संदिग्ध सामान की पूरी तरह से पुलिस जांच की जाएगी। उन्होंने यह भी अपील की कि जनता पुलिस प्रशासन का सहयोग करे ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। पुलिस द्वारा हर प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच की जाएगी और कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त बल तैनात रहेगा ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

# पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस करेगी नया ढांचा तैयार

### फिर बनेगी प्रदेश कार्यकारिणी : विनय कुमार

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सबसे पहले जिला और ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणीयां गठित की जाएंगी। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मंडी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

मंडी में पत्रकारों से बातचीत में विनय कुमार ने बताया कि पंचायत चुनावों से पहले जिला और ब्लॉक कार्यकारिणीयां बना दी जाएंगी, जबकि प्रदेश कार्यकारिणी का गठन पंचायत चुनावों के दौरान किया जाएगा। उन्होंने



प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार। - समर न्यूज

कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं होते, लेकिन कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत से संगठन को और मजबूती मिलेगी। प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि जिलाध्यक्षों का चयन पार्टी हाईकमान ही करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने "संगठन सृजन अभियान" के तहत वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां दी थीं और सभी जिलों से ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है।अब यह निर्णय हाईकमान लेगा कि किसे जिले की बागडोर सौंपी जाए। विनय कुमार ने कहा, जो उपयुक्त होगा, वही जिलाध्यक्ष बनेगा। पार्टी में पद सेवा का माध्यम है, सत्ता का नहीं। धर्मशाला में हाल ही में हुई भाजपा रैली में यह साफ दिखा, जहां अलग-अलग गुटों के नेता शक्ति प्रदर्शन में जुटे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और सभी नेता एक ही झंडे के नीचे संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं।विनय कुमार ने विश्वास जताया कि संगठन के पुनर्गठन से कांग्रेस आने वाले चुनावों में और अधिक मजबूत स्थिति में होगी तथा कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा सकेंगे।

## जन संकल्प सम्मेलन में हमीरपुर से जाएंगी 106 बसें

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज

प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को मंडी में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन में जिला हमीरपुर से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस आयोजन के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिला से लाभार्थियों और अन्य प्रतिभागियों को मंडी ले जाने के लिए 106 बसों की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 100 से अधिक छोटे वाहन भी मंडी जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए सुबह नाश्ते और पीने के पानी का प्रबंध विभिन्न स्थानों पर किया गया है।

**सियासत**

### एक तरफ मंडी में रैली वहीं दूसरी ओर इनकी पार्टी के नेताओं में दूरियां

# रसातल में गई सुक्खू सरकार की लोकप्रियता : जयराम ठाकुर

समर न्यूज | मंडी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को अब कांग्रेस पार्टी हाईकमान भी सीरियस नहीं लेता है। एक तरफ़ इनकी सरकार तीन साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर मंडी में रैली करने जा रही है वहीं दूसरी ओर इनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने दूरियां बना ली है। ये दर्शाता है कि इनका हाईकमान इनकी कार्यप्रणाली से खुश नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सराज के थुनाग में ये बात करते हुए कहा कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई इस सरकार की लोकप्रियता रसातल में जा चुकी है। अब न तो जनता को ये सरकार पसंद आ रही है और न कांग्रेस हाईकमान इनके कामकाज से खुश है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मंडी में इन्होंने आपदा राहत वितरण के लिए कार्यक्रम रखा लेकिन इनके खास निमंत्रण पर भी गांधी परिवार नहीं आया जबकि दूसरे ही दिन शाम को छुटियां मनाने अपनी बहन के घर राहुल गांधी शिमला जरूर पहुंच गए। ये दिखाता है कि इनके आला नेता इनको गंभीरता से लेते ही नहीं हैं। इस बार भी खूब ज़ोर मुख्यमंत्री लगा रहे थे लेकिन फिर भी इनके शीर्ष नेताओं ने आना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि एक पार्टी के लिए ये कितनी शर्म की बात है कि अपनी सरकार होने के बाबजूद इनके नेता यहां आना नहीं चाहते। आपदा के दौरान भी इनके नेताओं ने ऐसी ही दूरियां प्रभावित जनता से बनाई। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता सुख भोगने में विश्वास करती है जबकि भाजपा जनसेवा का माध्यम मानती है। मुख्यमंत्री आज किसी एक योजना का नाम बताएं जो इन्होंने शुरू की हो और जनता उससे



जयराम ठाकुर। - समर न्यूज

खुश हो। दुर्भाग्य से ये न शुरू कर पाए और न जनता खुश है। इन्होंने आते ही जनता की मांग पर हमारे द्वारा खोले गए सरकारी संस्थान ही बंद करवाए और खुद कोई खोल ही नहीं पा रहे। हमारे समय में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को इन्होंने बंद किया और कुछ को बजट देना ही बंद कर दिया ताकि जनता को इनके लाभ से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने कहा था हम हर साल 1 लाख सरकारी नौकरी देंगे लेकिन तीन साल बाद भी मुश्किल से 10 हज़ार लोगों को भी रोजगार नहीं दे पाए।

उल्टा इन्होंने आउटसोर्स पर रखे हजारों कर्मचारी ही हटा दिये। सरकारी और पक्की नौकरी देने का वादा करने वाले अब अपनी पार्टी के नेताओं की एजेंसियां बनाकर आउटसोर्स की नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से उगाहियां कर रहे हैं। 18 वर्ष से अधिक प्रदेश की हर महिला को 1500 प्रतिमाह देने के नाम पर वोट बटोरे और मात्र 35 हज़ार महिलाओं को ही ये राशि देकर शेष लाखों महिलाओं के साथ धोखा किया।

300 यूनिट फ्री बिजली देने के बजाए अब भारी भरकम बिल थमाये जा रहे हैं, 2 रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीदका वादा किया और अब गारंटी पर बात नहीं करते, गाय का दूध 80 और भैंस का 100 रुपए लीटर करने का एलान किया लेकिन इसे भी पूरा नहीं किया। इस तरह झूठ बोलकर इन्होंने सत्ता तो हासिल कर ली लेकिन अपनी ही दी गारंटियों के अब पूरा न कर पाने से इनकी लोकप्रियता खत्म हो चुकी है। जनता आज भी भाजपा के समय शुरू की गृहणी सुविधा योजना, सहारा, हिम केअर और शगुन जैसी योजनाओं को याद कर रहे हैं।

# स्टोन क्रशर मामले में विधायक आशीष कोर्ट में पेश

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़

हमीरपुर जिले में दर्ज स्टोन क्रशर एफआईआर मामले में भाजपा विधायक आशीष शर्मा आज जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश हुए। कोर्ट में पेशी के बाद उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार उन्हें और उनके परिवार को राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित कर रही है। विधायक शर्मा ने कहा कि जिस क्रशर को लेकर उन पर अवैध खनन का आरोप लगाया गया है, वह वर्ष 2024 से बंद पड़ा है। इसके बावजूद पुलिस ने 2022-23 के रिकॉर्ड के आधार पर एफआईआर दर्ज की है, जो पूरी तरह से गलत और राजनीतिक प्रेरित है। उन्होंने सवाल उठाया कि "क्या अब पुलिस जीएसटी और इनकम टैक्स के मामलों की जांच भी करने लगी है?"आशीष शर्मा ने बताया कि सरकार ने अब तक




भाजपा विधायक आशीष शर्मा। - समर न्यूज

उनके खिलाफ तीन मुकदमे और उनके परिवार के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए हैं। उनका कहना है कि ये सभी कार्रवाईयां केवल उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने के उद्देश्य से की जा रही हैं, क्योंकि वे लगातार मुख्यमंत्री और सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अगर खनन विभाग उनसे पूछताछ करता तो वे उसका जवाब देने को तैयार थे, मगर सरकार ने केवल प्रताड़ित करने के लिए पुलिस के माध्यम से लगभग 36 लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी का झूठा आरोप लगाया है।विधायक ने स्पष्ट किया कि वे इन मामलों से डरने वाले नहीं हैं और जनता से जुड़े मुद्दे विधानसभा के भीतर और बाहर दोनों जगह उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा, "सच बोलने और जनहित में सवाल उठाने की सज़ा मुझे दी जा रही है, लेकिन मैं पीछे हटने वाला नहीं हूं।

# मोहाली में 9 नए सेक्टर और न्यू चंडीगढ़ में दो नई टाउनशिप, 5100 एकड़ भूमि अधिग्रहण की तैयारी

## नए प्रोजेक्ट्स क्षेत्रीय विकास, रोजगार और वैकल्पिक शहरी विस्तार का मार्ग तैयार करेंगे

**कमलेश शर्मा | मोहाली**
**समर न्यूज़**

पंजाब सरकार ने शहरी विकास को गति देने के लिए मोहाली और न्यू चंडीगढ़ में बड़े पैमाने पर नए सेक्टर और टाउनशिप विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिसके लिए कुल 5100 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, भूमि अधिग्रहण 2013 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 11 के तहत किया जाएगा और इसका नोटिफिकेशन जल्द ही जारी होगा। योजना के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मोहाली में एयरो-ट्रोपोलिस विस्तार (ब्लॉक E से J) के लिए 3535 एकड़ भूमि अधिग्रहित होगी, जबकि 524 एकड़ जमीन सेक्टर 87 (व्यावसायिक), सेक्टर 101 (कुछ हिस्सा) और सेक्टर 103 (औद्योगिक उपयोग) के लिए आरक्षित की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन परियोजनाओं के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और विशेषज्ञ समिति ने इसे मंजूरी भी दे दी है, जिससे इन योजनाओं के जमीन पर उतरने का मार्ग साफ हो गया है। दूसरी तरफ, न्यू चंडीगढ़ में 1048 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले से जारी है, जहां मुआवजे से संबंधित अवॉर्ड तैयार किए जा चुके हैं। इन अधिग्रहणों में ईको-सिटी 3 के लिए 720 एकड़ और मेडिसिटी के पास नई टाउनशिप के लिए 328 एकड़ भूमि शामिल है। राजनीतिक अनुमान है कि इन अवॉर्डों की घोषणा जल्द की जाएगी, जिसके बाद निर्माण और विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जून 2025 में पंजाब सरकार ने 'लैंड पूलिंग पॉलिसी' के तहत 6285 एकड़ भूमि लेने का प्रस्ताव रखा था, जिसके अंतर्गत किसानों को नकद राशि देने के बजाय विकसित आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक प्लॉट देने की योजना थी। हालांकि किसानों के विरोध और हाई कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद सरकार ने यह नीति अगस्त में वापस ले ली थी। अब सरकार ने लैंड पूलिंग नीति खत्म करते हुए 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को फिर से लागू कर दिया है, जिसके तहत सरकार किसानों को बाजार दर के अनुसार नकद मुआवजा, विस्थापन भत्ता और पुनर्वास सुविधाएं प्रदान करेगी। यह कानून पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक प्रभाव अध्ययन, जनसुनवाई, किसानों की आपत्तियों का समाधान और निष्पक्ष मुआवजा प्रक्रिया को अनिवार्य बनाता है। सरकार का तर्क है कि नई विकास परियोजनाएं न केवल क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि इससे रोजगार, औद्योगिक निवेश, स्वास्थ्य सुविधाओं और वैकल्पिक शहरी विस्तार को नई दिशा मिलेगी, जिससे आगामी वर्षों में पंजाब के शहरी स्वरूप में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# मल्टीस्टोरी कार पार्किंग की दूसरी मंजिल का शिलान्यास

## संगत के सहयोग से गुरुद्वारा परिसर में तैयार होगी 7 मंजिला पार्किंग

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**


मल्टीस्टोरी कार पार्किंग की दूसरी मंजिल का काम चलता हुआ। - समर न्यूज़

पास के गांव सोहाना में ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीदां में बनने वाली मल्टीस्टोरी कार पार्किंग की दूसरी मंजिल का शिलान्यास किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा अजीत सिंह जी हंसाली वाले के आशीर्वाद से धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहीदी स्थल गुरुद्वारा सिंह शहीदां में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मल्टीस्टोरी कार पार्किंग बनाई जा रही है। आज इस कार पार्किंग की दूसरी मंजिल का उद्घाटन करने के लिए सुबह 10 बजे श्री सहज पाठ साहिब जी का भोग डाला गया। इसके बाद पंज प्यारों की अगुवाई और श्रद्धालुओं के जोरदार जयकारों के साथ दूसरी मंजिल के लालटेन का उद्घाटन किया गया। आधुनिक सुविधाओं वाली यह कार पार्किंग बेसमेंट समेत 7 मंजिलों की बनाई जा रही है। इस मौके पर कई संत, नेता, गांव और इलाके के जाने-माने लोग मौजूद थे जिन्होंने कार सेवा में अपना पूरा योगदान दिया। मैनेजमेंट कमेटी और संगत की तरफ से मिठाई और दूध वाली चाय का लंगर भी लगाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मैनेजमेंट कमेटी की तरफ से पूरी संगत के सहयोग से गुरुद्वारा साहिब में मॉडर्न सुविधाओं वाला दीवान हॉल बनवाया जा रहा है। इसके अलावा, मॉडर्न सुविधाओं वाला मल्टी-स्टोरी लंगर हॉल भी जल्द ही शुरू किया जा रहा है।

# निर्वाचन अधिकारी ने SIR पर राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**


जिला निर्वाचन अधिकारी बैठक करते हुए। - समर न्यूज़

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के सभागार में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार सभी राजनैतिक दल फोटोयुक्त मतदाता सूची को स्वच्छ तथा त्रुटिरहित तैयार करने हेतु जिले की दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर आपने राजनैतिक दल से सम्बंधित बूथ लेवल एजेंन्टों (बी०एल०ए०) की नियुक्ति करें। बुथ लेवल एजेंन्टों (बी०एल०ए०) की नियुक्ति करने का मुख्य उददेश्य मतदाता सूचियों को साफ सुथरा व त्रुटि रहित बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि बुथ लेवल एजेंन्ट को उससे सम्बंधित क्षेत्र की जानकारी रहती है कि कौन सा व्यक्ति 18 वर्ष पूरी कर चुका है और उसका वोट बना है या नहीं, किस व्यक्ति की मृत्यू हो चूकी है या फिर कौन स्थाई तौर पर स्थानंतरित हो चुका है, जिसके बारे जानकारी बी०एल०ओ० को देकर मतदाता सूची को अपडेट किया जा सकता है। उपायुक्त ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि वे मतदाता सूची को त्रुटीरहित तैयार करने में प्रशासन का सहयोग करें। इस सम्बन्ध में जो व्यक्ति स्थान छोड़कर चला गया है अथवा किसी अन्य कारण से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए पात्र नही है, उन सभी के बारे में लिखित अपनी-अपनी पार्टियों से सम्बन्धित बूथों पर नियुक्त बुथ लेवल एजेन्टों से सुचना सम्बन्धित बी०एल०ओ० या सम्बन्धित निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को अवश्य दें ताकि अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से नियमानुसार कार्यवाही करके हटाये जा सके।

उन्होने बताया कि किसी भी मतदाता से इस सम्बंध में विभाग द्वारा कोई भी ओटीपी या लिंक शेयर करने के लिए अनुरोध नहीं किया जाता है। विभाग द्वारा नियुक्त बी.एल.ओ. स्वयं ही मतदाता से व्यक्तिगत सम्पर्क करके जानकारी प्राप्त करेगा। उपस्थित सभी सदस्य इस बारे में मतदाताओं को अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूक करें।

# अर्धसैनिक बलों की कांस्टेबल भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

सी-पाइट कैंप, लालड़ू के कैंप इंचार्ज गुरिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्धसैनिक बलों में कांस्टेबल (जीडी) इन (सीएपीएफ्स), एसएसएफ़ एंड राइफ़लमैन (जीडी) इन असम राइफ़ल्स में युवाओं की भर्ती संबंधी अधिसूचना जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इच्छुक युवा 01 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सी-पाइट कैंप, लालड़ू में इस भर्ती के संबंध में लिखित और शारीरिक प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से रहना, खाना, पढ़ाई और शारीरिक परीक्षण की तैयारी सब कुछ बिल्कुल मुफ़्त है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

# ठंड में बेबस लोगों के लिए सहारा बनी पंचकूला पुलिस

## 1,000 से ज्यादा लोगों को कंबल, ऊनी कपड़े, जैकेट खाने-पीने की सामग्री बांटी

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**


लोगों को राहत सामग्री वितरित करती हुई पुलिस। - समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण पेश करते हुए ठिठुरन भरी सर्द रातों में उन लोगों तक मदद पहुंचाई है, जो अक्सर समाज की भीड़ में अनदेखे रह जाते हैं। जिले की सभी क्राइम यूनिट्स ने संयुक्त रूप 1 दिसंबर से 9 दिसंबर तक कुल 1032 जरूरतमंद लोगों को कंबल, ऊनी कपड़े, जैकेट खाने-पीने की सामग्री वितरित की। पुलिस की टीमें देर रात गश्त के दौरान सड़कों, चौक-चौराहों, बस स्टैंड, मार्केट एरिया, खाली प्लॉट्स और फुटपाथों पर सो रहे लोगों के पास पहुंची। कई जगह पुलिसकर्मी खुद गाड़ी रोककर उन बुजुर्गों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों से बातचीत करते दिखे, जो ठंड की मार झेलते हुए किसी तरह रात काट रहे थे। पुलिसकर्मियों ने अपने हाथों से उन्हें कंबल ओढ़ाए, गर्म कपड़े पहनाए और खाने का सामान थमाया। एटीवी स्टाफ ने जरूरतमंदों के लिए भंडारा लगाकर खाने की व्यवस्था भी की। ठंड और भूख से जूझ रहे इन लोगों के चेहरे पर संतोष और राहत के भाव देखकर पुलिसकर्मी भी संतुष्ट दिखे।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि हमारी क्राइम यूनिट्स हर रोज जरुरतमंदो तक पहुंच रही है यह अभियान केवल वस्त्र और भोजन वितरण भर नहीं है, बल्कि समाज में इंसानियत और करुणा का संदेश फैलाने का प्रयास है। उनका कहना है कि पंचकूला पुलिस अपराधियों को पकड़ने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उन लोगों की भी जिम्मेदारी समझती है, जिनके पास कोई सहारा नहीं। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक भूख, ठंड या अभाव के कारण परेशान न रहे।" साथ ही यह भी कहा कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति यदि जरूरतमंद की मदद करने की ठान ले, तो कोई भी इंसान रात ठंड में गुजारने या भूखा रहने के लिए मजबूर नहीं होगा।

अधिकारियों ने जिला निवासियों से अपील की है कि वे ऐसे नेक कार्यों में आगे आएं, पुराने कपड़े, कंबल, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं दान करें और अपने आसपास मौजूद लोगों का सहारा बनें।

# मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ सेमिनार

## जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में किया आयोजन, मानवाधिकारों के बारे में दी जानकारी

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**


सेमिनार के दौरान अधिकारी। - समर न्यूज़

पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं अथॉरिटी द्वारा जारी निर्देशों और अतुल कसाना, ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, ज़िला कानूनी सेवाएँ अथॉरिटी, एस.ए.एस. नगर के नेतृत्व में ज़िला कानूनी सेवाएँ अथॉरिटी, एस.ए.एस. नगर द्वारा 'चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, घड़ूँआं' में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सुरभि पराशर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, ज़िला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, एस.ए.एस. नगर ने विश्वविद्यालय के संकाय (फैकल्टी) और स्टाफ सदस्यों को वर्तमान समय में मानवाधिकारों के महत्व और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर, 1948 को मानवाधिकारों का विश्वव्यापी घोषणापत्र अपनाया था। इस दिन को अब हर साल मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह घोषणापत्र मूल रूप से द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों को दोबारा होने से रोकने के लिए अपनाया गया था। 1950 में, इस दिन को आधिकारिक तौर पर इन अधिकारों के लिए विश्वव्यापी मान्यता और वकालत को प्रोत्साहित करने के लिए मान्यता दी गई थी। यह दिन दुनिया को यह बताने के लिए महत्वपूर्ण है कि मानवाधिकारों की सुरक्षा क्यों आवश्यक है। यह मानवाधिकारों के मुद्दों के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देता है और सरकारों को कानून का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिन मानवाधिकारों के संबंध में चल रही चुनौतियों को उजागर करता है और अब तक की गई प्रगति का सम्मान करता है।

मानवाधिकार - नागरिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक - अटूट, अविभाज्य और अंतर-निर्भर हैं। पर हाल के वर्षों में नागरिक स्थान सिकुड़ गया है। हमारे पास गंभीर उल्लंघन हैं जो अधिकारों के प्रति घोर उपेक्षा और मानवीय पीड़ा के प्रति क्रूर उदासीनता का संकेत हैं। एक साथ मिलकर, हमारे पास इन अन्यायों का सामना करने की शक्ति हैः उन संस्थाओं की रक्षा करके जो मानवाधिकारों को एक जीवंत वास्तविकता बनाती हैं।

मानवाधिकार दिवस 2025 का थीम "मानवाधिकार, हमारी रोज़मर्रा की ज़रूरत" है, जो रोज़मर्रा के जीवन में मानवाधिकारों के महत्व पर ज़ोर देता है। यह साफ़ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अधिकारों की रक्षा की आवश्यकता को उजागर करता है।

# क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर के आसपास के क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

ज़िला मजिस्ट्रेट-सह-डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराजा यादविंद्र क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर और इसके आस-पास के क्षेत्र को नो-ड्रोन और नो-फ्लाई ज़ोन घोषित करते हुए, किसी भी प्रकार की 'फ्लाइंग ऑब्जेक्ट' को उड़ाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश महाराजा यादविंद्र क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में 11 दिसंबर, 2025 को होने वाले मैच के दौरान लागू रहेंगे।




# अवैध साइलेंसर से पटाखे बजाने पर 5 बुलेट के चालान, 3 इंपाउंड

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**


पुलिस कार्रवाई करती हुई। - समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस ने रायपुररानी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर हुडदंगबाजी करने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जिम्मेदारी और अनुशासन का स्पष्ट संदेश दिया है। सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की अगुवाई में पुलिस टीम ने आज रायपुररानी स्थित सरकारी कॉलेज और मार्केट एरिया में बुलेट मोटरसाइकिलों पर अवैध साइलेंसर लगाकर तेज आवाज़ के साथ पटाखे बजाने पर 5 बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान किए, जिनमें से 3 बुलेट को इंपाउंड किया गया है। इनमें एक बुलेट का 34,500 का भारी-भरकम चालान भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले बाइक सवार युवकों पर भी ट्रैफिक पुलिस की पैनी निगाह रही। कार्रवाई के दौरान ऐसे 12 बाइक चालकों का चालान किया गया, जो सड़क सुरक्षा नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे थे।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने स्पष्ट कहा कि शहर में हुडदंगबाजों के लिए किसी प्रकार की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि स्कूल, कॉलेज और मार्केट जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में आमजन व राहगीरों को परेशान करने वाले युवकों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# मोहाली जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को लगेगी

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ज़िले में 13 दिसंबर को वर्ष 2025 की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, सभी न्यायालयों में किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए ज़िला और सत्र न्यायाधीश, अतुल कसाना ने बताया कि इस लोक अदालत में सुलह योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस के मामले, बैंक वसूली के मामले, वैवाहिक विवाद, एम.ए.सी.टी (मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण) के मामले, श्रम संबंधी विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, बिजली और पानी के बिलों से संबंधित, राजस्व विभाग से संबंधित और हर तरह के दीवानी (सिविल) मामले विचारे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा और सुरभि पराशर, सचिव, ज़िला कानूनी सेवा प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर द्वारा केंद्र और पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों जैसे कि टेलीफोन विभाग, बैंक, बीमा कंपनियाँ, बिजली विभाग, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग आदि के अधिकारियों के साथ समय-समय पर बैठकें की गईं और अधिकारियों को विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों को दिनांक 13.12.2025 को लगाई जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाने के लिए प्रेरित किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे मामले जो अभी किसी भी न्यायालय में दायर नहीं किए गए हैं और उपरोक्त श्रेणियों के अंतर्गत आते हों, लगवाए जा सकते हैं।

**उपलब्धि**

**पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलिअरी साइंसेज, मोहाली ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि**

# मोहाली की सरकारी संस्था ने पहला सफल लिवर ट्रांसप्लांट कर पंजाब में रचा इतिहास

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**


डॉ. बलबीर सिंह जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने मोहाली स्थित सरकारी संस्थान पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलिअरी साइंसेज में पहली बार सफल लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी कर इतिहास रच दिया है। मंगलवार को, सफलतापूर्वक ऑपरेशन किए गए मरीज को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह पंजाब के चिकित्सा इतिहास में पहली बार है जब किसी सरकारी संस्थान में इतनी जटिल और संवेदनशील सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य कुमार राहुल भी उनके साथ उपस्थित थे।

डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि यह जीवनरक्षक उपचार मरीज को मात्र लगभग 12 लाख की लागत में उपलब्ध कराया गया, जबकि निजी अस्पतालों में इसी सर्जरी पर 45 से 50 लाख तक का खर्च आता है। यह लिवर ट्रांसप्लांट 27 नवंबर 2025 को किया गया था और मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि मरीज को एक-दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने संस्थान के निदेशक एवं हेपेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर व प्रमुख डॉ. वीरेन्द्र सिंह तथा लिवर ट्रांसप्लांट एवं हेपेटोबिलियरी सर्जरी विभाग के प्रोफेसर व प्रमुख डॉ. के. राजशेखर के नेतृत्व वाली पूरी मेडिकल टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। डॉ. बलबीर सिंह ने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जहां से हरियाणा के एक ब्रेन-डेड व्यक्ति का अंग उपलब्ध कराया गया। उन्होंने अंगदाता के परिवार को भी हृदय से धन्यवाद दिया, जिनकी इस महान पहल से कई लोगों को नया जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलिअरी साइंसेज, पंजाब का पहला समर्पित लिवर एवं बिलिअरी साइंसेज केंद्र है, जो संपूर्ण इलाज, उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं तथा 24x7 आपातकालीन एवं आईसीयू सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि यहां 175 बिस्तरों वाला नया मरीज देखभाल ब्लॉक भी निर्माणाधीन है, जिससे संस्थान की क्षमता में और वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यहां बनाया गया नया डायग्नोस्टिक ब्लॉक अब पूरी तरह कार्यशील हो चुका है, जिसमें डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी मशीन स्थापित की गई है। नए सीटी स्कैनर की सप्लाई का ऑर्डर जारी हो चुका है, एमआरआई के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है और एक सप्ताह के भीतर नया स्वचालित बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र भी पूरी तरह चालू हो जाएगा। यहां एक अत्याधुनिक ब्लड बैंक भी स्थापित किया गया है, जो पंजाब के सबसे आधुनिक ब्लड बैंकों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान हेपेटोबिलियरी विज्ञान के क्षेत्र में क्लीनिकल उत्कृष्टता, अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए एक विश्वस्तरीय केंद्र बनने की दिशा में लगातार अग्रसर है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों को द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है, जिनमें न्यूरो और कार्डियो लैब भी शामिल हैं। उन्होंने घोषणा की कि सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला अगले वर्ष तक पंजाब का पहला सरकारी संस्थान होगा, जहां किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों को अंग प्राप्ति केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। जनता से अंगदान का आह्वान करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में पंजाब देश में नौवें स्थान पर है, जहां 20,000 से अधिक पंजीकृत अंगदाता हैं, और आने वाले समय में पंजाब देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। सभी के लिए निःशुल्क इलाज के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने 10 लाख तक की कैशलेस मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना को लागू करने के लिए एजेंसियों को अंतिम रूप दे दिया है।

# ग्वालियर में मजिस्ट्रेट महादेव की कचहरी, हर विवाद पर इनका फैसला अंतिम



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में ग्वालियर के गिरगांव में एक ऐसा मंदिर है, जिसे शिव मंदिर नहीं, बल्कि 'मजिस्ट्रेट महादेव' के नाम से जाना जाता है।

यह मंदिर भिंड रोड पर स्थित है और इसकी ख्याति सिर्फ गिरगांव या ग्वालियर तक ही सीमित नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों में भी फैली हुई है। भक्तों का कहना है कि मजिस्ट्रेट महादेव के सामने खड़े होते ही बड़े से बड़े विवाद पल भर में सुलझ जाते हैं। झूठ बोलने का साहस किसी में नहीं होता और जो भी झूठ बोलने की कोशिश करता है, उसे उसकी सजा जीवन में जरूर मिलती है। माना जाता है कि यह मंदिर लगभग एक हजार साल पुराना है। मंदिर में भगवान शिव की पिंडी के साथ पूरा शिव परिवार विराजमान है। लंबे समय तक यह मंदिर सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, लेकिन धीरे-धीरे लोगों ने महसूस किया कि महादेव के सामने खड़े होकर न्याय की उम्मीद भी की जा सकती है।

सबसे पहले भैंस चोरी जैसे छोटे मामलों के लिए लोग यहां आते थे, क्योंकि उस समय अंचल में भैंस चोरी की घटनाएं बहुत आम थीं। लेकिन, समय के साथ-साथ यह पैसों, जमीन-जायदाद और अन्य विवादों के लिए भी जाना जाने लगा।

गिरगांव महादेव की विशेषता यह है कि यहां न्यायालयों की तरह लंबी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। जैसे ही कोई विवाद वादी-प्रतिवादी के साथ महादेव के सामने आता है, भगवान शिव अपनी उपस्थिति और आस्था के माध्यम से फैसला सुनाते हैं। कोई झूठ नहीं बोल सकता और झूठ बोलने वालों की सजा अक्सर उनके जीवन में मिलती है। यही कारण है कि लोग महादेव को सिर्फ भगवान के रूप में नहीं, बल्कि एक अंतिम मजिस्ट्रेट के रूप में भी मानते हैं।

भक्तों का मानना है कि महादेव की यह कचहरी केवल विवाद सुलझाने का स्थान नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में नैतिकता और सच्चाई बनाए रखने का माध्यम भी है। यह मंदिर और इसकी कचहरी उस समय के लिए भी प्रेरणा है, जब न्यायालय लंबी प्रक्रियाओं और कानूनी जटिलताओं में उलझ जाता है। यहां की आस्था, श्रद्धा और विश्वास का असर इतना गहरा है कि लोग महादेव के सामने खड़े होकर विवादों के हल की उम्मीद करते हैं।

गिरगांव महादेव का यह मंदिर इसलिए भी खास है कि यह सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि न्याय और सच्चाई का प्रतीक भी बन चुका है।

यह दिखाता है कि आस्था और विश्वास से भी न्याय की राह आसान हो सकती है। जो भी व्यक्ति महादेव के सामने खड़ा होता है, वह अपने दिल में सच्चाई लेकर आता है और महादेव के फैसले से उसे न केवल समाधान मिलता है, बल्कि जीवन में नैतिक संतुलन भी स्थापित होता है।

# अखुरथ संकष्टी चतुर्थीः ऐसे करें भगवान गणेश की पूजा, खत्म हो जाते हैं ग्रहबाधा और कर्ज जैसे दोष

**मुंबई।** हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है, लेकिन पौष माह में 'अखुरथ संकष्टी चतुर्थी' मनाई जाती है, जो कि भगवान गणेश को समर्पित है। इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है। द्रिक पंचांग के अनुसार, सोमवार को सूर्य वृश्चिक राशि में और चंद्रमा कर्क राशि में रहेंगे। इस तिथि को अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 34 मिनट तक रहेगा और राहुकाल का समय सुबह 8 बजकर 20 मिनट से शुरू होकर 9 बजकर 37 मिनट तक रहेगा।

पौष मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को अखुरथ संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गजानन की पूजा करने से साधक हर काम में सफलता हासिल करता है। साथ ही माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए यह व्रत रख सकती हैं।

इस व्रत की शुरुआत करने के लिए जातक ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म से निवृत्त होकर स्नान करने के बाद पीले वस्त्र पहनकर पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। इसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दूर्वा, सिंदूर और लाल फूल अर्पित करने के बाद श्री गणपति को बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं। इनमें से 5 लड्डुओं का दान ब्राह्मणों को करें और 5 भगवान के चरणों में रख बाकी प्रसाद में वितरित करें।

पूजन के समय श्री गणेश स्तोत्र, अथर्वशीर्ष, और संकटनाशक गणेश स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। "ॐ गं गणपतये नमः" मंत्र का 108 बार जाप करें। शाम के समय गाय को हरी दूर्वा या गुड़ खिलाना शुभ माना जाता है। संकटों से मुक्ति के लिए चतुर्थी की रात्रि को चंद्रमा को अर्घ्य देते हुए 'सिंहिका गर्भसंभूते चन्द्रमांडल सम्भवे। अर्घ्यं गृहाण शंखेन मम दोषं विनाशय॥' मंत्र बोलकर जल अर्पित करें। यदि संभव हो तो चतुर्थी का व्रत रखें, जिससे ग्रहबाधा और ऋण जैसे दोष शांत होते हैं।



# राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का 31 दिसंबर से हो रहा आगाज



**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार शीर्ष पुरुष और महिला मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ होने जा रहा है। दोनों वर्गों के लिए 'राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप' का आयोजन ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में 31 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक होगा। सर्विसेज डिफेंडिंग की एंट्री पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन के तौर पर कर रही है, जबकि रेलवे का लक्ष्य महिला टीम चैंपियनशिप का टाइटल बनाए रखना है। आधिकारिक ड्रा 30 दिसंबर को होगा। इसके बाद भारत के अगले हाई-परफॉर्मेंस साइकिल की शुरुआत होगी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक रिलीज में कहा, "देश भर की इकाइयां पुरुषों और महिलाओं के लिए दस-दस वेट वर्ग में मुकाबला करेंगी, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीक और प्रतियोगिता के नियमों का पूरी तरह से पालन करेंगी।

हर इकाई को हर वर्ग में एक मुक्केबाज उतारने की इजाजत है। कोई रिजर्व नहीं रखा जा सकता।"

सभी मैच अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट के हिसाब से होंगे, जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड होंगे। एक मिनट का रेस्ट पीरियड और 10-अंक का जरूरी स्कोरिंग सिस्टम होगा।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने इस मौके पर कहा, "मजबूत सिस्टम लंबे समय की सफलता की रीढ़ होते हैं, और नेशनल चैंपियनशिप वह जगह है जहां यह सिस्टम असल में शुरू होता है। यह स्टेज मौके बनाता है, प्रतिभा को सामने लाता है, और हर मुक्केबाज को राष्ट्रीय कैंप में जाने का सही रास्ता देता है।"

# ICC वनडे रैंकिंगः रोहित शर्मा शीर्ष पर कायम, विराट कोहली नंबर 2 पर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वनडे फॉर्मेट की नई रैंकिंग जारी कर दी है। बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में रोहित शर्मा शीर्ष पर कायम हैं, तो विराट कोहली दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के दौरान आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। वह नंबर वन की कुर्सी पर मजबूती से जमे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 57, 14, और 75 की पारी ने रोहित का नंबर वन रैंक पर कब्जा बरकरार रखा है। विराट कोहली ने ताजा रैंकिंग में 2 स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरी रैंक हासिल की है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 135, 102, और 65 रन की पारी खेली। इन तीन पारियों की मदद से वे न सिर्फ सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने बल्कि आईसीसी की वनडे रैंकिंग में भी लंबे समय बाद दूसरे स्थान पर पहुंचे। बता दें कि रोहित और विराट सिर्फ वनडे फॉर्मेट ही खेलते हैं।



आईसीसी की ताजा रैंकिंग में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। दोनों क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं।

भारतीय टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान शुभमन गिल पांचवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम छठे, आयरलैंड के हैरी टैक्टर सातवें, वेस्टइंडीज के शाई होप आठवें, श्रीलंका के चरिथ असलांका नौवें और भारत के श्रेयस अय्यर दसवें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। इंजरी की वजह से श्रेयस और गिल दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं थे।

केएल राहुल ने भी दक्षिण अफ्रीका सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी की थी। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ है। वह 12वें स्थान पर हैं। क्विंटन डी कॉक 3 स्थान ऊपर की छलांग लगाते हुए 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# ज्योतिर्मयी सिकदरः भारतीय एथलेटिक्स की नई गोल्डन गर्ल

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स में पी.टी. उषा को 'उड़न परी' के नाम से जाना जाता है। उन्हें यह उपनाम उनकी बिजली की गति से दौड़ने वाली क्षमता की वजह से मिला था। पी.टी. उषा के बाद जिस महिला धावक ने अपनी दौड़ने की क्षमता से पूरे देश को प्रभावित किया और एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड जीता, वो थीं ज्योतिर्मयी सिकदर। सिकदर को 'नई गोल्डन गर्ल' के नाम से जाना गया। ज्योतिर्मयी सिकदर का जन्म 11 दिसंबर, 1969 को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के एक छोटे से गांव देबग्राम में हुआ था। ज्योतिर्मयी को एथलेटिक्स विरासत में मिली थी। उनके पिता, गुरुदास सिकदर, पोल वॉल्टर थे। ज्योतिर्मयी की दौड़ने की क्षमता को उनके पिता ने ही पहचाना था। उन्हें अपने पिता से कड़ा प्रशिक्षण मिला। इसके बाद मेंटर सत्यराम रॉय ने ज्योतिर्मयी की क्षमता को पहचाना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। 1992 में ऑल इंडिया ओपन मीट में उनका नेशनल डेब्यू शानदार था। 800मी में शानदार समय निकालते हुए, उन्होंने रजत पदक जीता। 1994 तक, ज्योतिर्मयी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। 1500 मीटर में एक नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया और नेशनल एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीता। 1994 के अंतरराष्ट्रीय आईटीसी एथलेटिक्स मीट में 800मी में कांस्य पदक जीता। जकार्ता में 1995 की एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, उन्होंने 800मी में स्वर्ण पदक जीता। 1997 में, फुकुओका एशियन ट्रैक एंड फील्ड मीट में, उन्होंने 800मी और 1500मी श्रेणी में कांस्य पदक जीता। साथ ही 4x400मी रिले में रजत पदक जीता।




1998 ज्योतिर्मयी का सबसे अच्छा साल था, एक ऐसा साल जिसने उनका नाम सुनहरे अक्षरों में लिख दिया। बैंकॉक एशियन गेम्स में, उन्होंने अपने करियर की सबसे अच्छी टाइमिंग दिखाई, 800 मी में 2:01.00 और 1500 मी में 4:12.82, जिससे उन्हें 4×400 मी रिले में दो स्वर्ण और एक रजत पदक मिला। इन सफलताओं के बाद ही उन्हें भारतीय खेलों की 'नई गोल्डन गर्ल' कहा जाने लगा। 1996 में अटलांटा में आयोजित ओलंपिक में उन्होंने 4x400 मी रिले में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और सातवें नंबर पर रही थीं।

ज्योतिर्मयी सिकदर को दौड़ के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए भारत सरकार ने 1995 में अर्जुन पुरस्कार, 1998 में राजीव गांधी खेल रत्न और 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया था।

एथलेटिक्स में बड़ी सफलता और सम्मान हासिल करने के बाद ज्योतिर्मयी ने राजनीति में एंट्री की और 2004 से 2009 तक वह पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीट कृष्णानगर से लोकसभा सांसद थीं। नादिया जिले के एक छोटे से गांव में धान के खेत पर दौड़ने से लेकर अंतरराष्ट्रीय ट्रैक पर भारत का तिरंगा झंडा फहराने तक की ज्योतिर्मयी सिकदर की कहानी प्रेरणादायी है।

# वेलिंगटन टेस्टः पहले दिन का खेल समाप्त

## वेस्टइंडीज के 205 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की सतर्क शुरुआत

**वेलिंगटन।** वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में दूसरा टेस्ट शुरू हुआ। पहले दिन के खेल की समाप्ति के समय न्यूजीलैंड ने बिना किसी विकेट के नुकसान के 24 रन बना लिए। पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड वेस्टइंडीज से अभी भी 181 रन पीछे है। कप्तान टॉम लैथम 7 और डेवन कॉन्वे 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दूसरे दिन जब खेल शुरू होगा, तो न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों की कोशिश टीम को बड़ी शुरुआत दिलाने की होगी। अगर लैथम और कॉन्वे टीम के लिए पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी निभाते हैं, तो न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में बड़ी बढ़त मिल सकती है। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने अच्छी शुरुआत की थी और पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े थे। कैंपबेल 44 और किंग 33 रन बनाकर आउट हुए। अच्छी ओपनिंग साझेदारी का वेस्टइंडीज फायदा नहीं उठा पाई और 75 ओवर में 205 रन पर सिमट गई। शाई होप ने 48, कप्तान रोस्टन चेज 29 रन बनाकर आउट हुए। दोहरा शतक लगाकर पिछले मैच को ड्रा कराने वाले जस्टिन ग्रिव्स 13 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर टेवलिन इमलेच ने 16 रन बनाए।




मैट हेनरी की गैरमौजूदगी में ब्लेयर टिकनर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। टिकनर ने 16 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा माइकल रे ने 3 विकेट लिए। जैकब डफी और ग्लेन फिलिप्स ने 1-1 विकेट लिए।

ऑल-राउंडर ग्लेन फिलिप्स ने इंजरी से रिकवर करते हुए लंबे समय बाद टेस्ट टीम में वापसी की थी। फिलिप्स ने पिछले सीजन में हैमिल्टन में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेले थे।

### पतंग पकड़ने गए 8 साल के हैप्पी का कुत्तों ने सिर-चेहरा बुरी तरह फाड़ा

# पीजीआई से घर वापस लौटा परिवार, एक आंख हुई खराब

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़





मुल्लापुर के गांव जांघपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खेतों में पतंग पकड़ने गए 8 वर्षीय बच्चे को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया। मौके पर मौजूद बच्चे के बड़े भाई ने घटना की जानकारी पिता को दी। बच्चे के पिता ने बच्चे को कड़ी मशक्कत के बाद कुत्तों के चंगुल से छुड़वाया। इसके बाद बच्चे को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया।

डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर हालत देखते हुए उसे सिविल अस्पताल लुधियाना में भेज दिया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि कुत्तों ने बच्चे के सिर, चेहरे और आंख को बुरी तरह से नोंच डाला है। जिसके चलते उसकी बाईं आंख डेमेज हो गई है। अस्पताल में जानकारी देते हुए घायल बच्चे हैप्पी के पिता शारदा ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके परिवार में 1 बेटी और 2 बेटे हैं। घायल हैप्पी उसका सबसे छोटा बेटा है। जो मंगलवार की शाम अपने बड़े भाई और गांव के बच्चों के साथ खेतों में पतंग पकड़ने गया था। खेत में कुत्तों के झुंड ने उसे चारों तरफ से घेरकर बुरी तरह से नोंच डाला। अस्पताल में डॉक्टर के अनुसार घायल युवक के चेहरे की सर्जरी होनी जरूरी है। बच्चे की आंख खुल नहीं रही है। डॉक्टरों ने अनुमान लगाया कि बच्चे की आंख बुरी तरह से डैमेज हो गई है।

**पीजीआई से घर वापस लौटा परिवार**

हैप्पी के पिता शारदा ने बताया कि घटना मंगलवार शाम की है, तब से वह बच्चे को लहूलुहान हालत में अस्पतालों में लेकर के घूम रहे हैं। पहले वह बच्चे को मल्लापुर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, इसके बाद उन्हें लुधियाना के सिविल अस्पताल भेज दिया गया जहां से रात को डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिय। रात भर रुकने के बाद वहां के डॉक्टर ने उसे वापस लुधियाना भेज दिया। परिवार अब जख्मी हैप्पी को घर पर लेकर आया है।

### लुधियाना के सबसे बड़े कमर्शियल प्रोजेक्ट को ग्लाडा ने एलओआई किया जारी

# 1,350 करोड़ के निवेश को बढ़ाने में मिली मंजूरी

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़



साउथ सिटी लुधियाना स्थित ओसवाल ग्रुप की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वर्धमान अमरांते को बड़े स्तर पर राहत मिली है। कंपनी को संबंधित विभागों से चेंज ऑफ लैंड यूज, लेआउट अप्रूवल और लेटर ऑफ इंटेंट की मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी पंजाब सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और शहर में एक नए शहरी लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन की शुरुआत का रास्ता खोलती है। ओसवाल ग्रुप के चेयरमैन आदिश ओसवाल ने कहा हम पंजाब सरकार के सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद करते हैं, जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। 1,350 करोड़ रुपये के निवेश को आगे बढ़ाने में मिली यह मंजूरी हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

हम मुख्य प्रशासक और उनकी टीम तथा टाउन प्लानिंग विभाग के आभारी हैं, जिन्होंने हमारे प्रोजेक्ट के लिए सीएलयू, लेआउट और एलओआई को मंजूरी दी। यह प्रोजेक्ट हमारी स्थिरता, उत्कृष्टता और सभी मानकों के पालन की प्रतिबद्धता को साबित करता है और इंटीग्रेटेड अर्बन डेवलपमेंट का नया मानक तय करेगा। वर्धमान अमरांते एक बड़ा मिक्स्ड-यूज डेवलपमेंट तैयार कर रहा है, जिसमें आधुनिक कमर्शियल व रिटेल स्पेस, आकर्षक F&B जोन, मल्टीप्लेक्स, प्रीमियम फाइव-स्टार होटल और क्षेत्र का सबसे उन्नत एंटरटेनमेंट सेंटर शामिल होगा। साउथ सिटी की नहर किनारे स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ प्रमुख रिहायशी क्षेत्रों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के पास है। IGBC गोल्ड-रेटेड यह बिल्डिंग वर्धमान अमरांते की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की सोच को दर्शाती है। इस प्रोजेक्ट के तहत पंजाब का पहला वेस्टिन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स भी लुधियाना में लाया जा रहा है। वेस्टिन ब्रांड के तहत संचालित होने वाला यह 200-की होटल प्रोजेक्ट का प्रमुख आकर्षण होगा, जो बिजनेस और लीजर यात्रियों को एक वेलनेस आधारित लग्जरी अनुभव प्रदान करेगा।

## छोटे वर्ग के बिल्डरों के लिए व्यापार हुआ खत्मः गुरविंदर सिंह लांबा

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

रियल एस्टेट सेक्टर को लेकर सरकार की ओर से आए दिन कोई न कोई नई सूचना जारी कर दी जाती है। जिस कारण रियल एस्टेट के मालिकों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के पंजाब प्रधान गुरविंदर सिंह लांबा ने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि जो जून 2025 में सरकार की ओर से एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्जेज किया गया था उसमें 3 गुना के करीब बढ़ोतरी की गई है। यह पंजाब भर में लागू की गई है। उन्होंने कहा कि पहले तो सभी व्यापार का काम ठप पड़ा है और दूसरा सरकार के द्वारा नोटिफिकेशन जारी करना सही काम नहीं है। गुरविंदर ने कहा कि जो जोग एक मकान का नक्शा पास करवाने जाता हे उसके लिए भी समस्या होगी। पिछले 5 महीने पहले जिन लोगों का नक्शा पास हुआ है उन लोगों से खर्चे लेने के लिए सरकार नोटिस जारी कर रही है।

### इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की लापरवाही उजागर

# ईडब्ल्यूएस प्लॉट जोड़कर हो रहा होटल का अवैध निर्माण

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शहीद भगत सिंह नगर में इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ई-ब्लॉक में ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए अलॉट किए गए दो प्लॉटों को आपस में जोड़कर करीब 80 गज जगह में मल्टी स्टोरी होटल का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा इलाका रिहायशी घोषित है और इसमें किसी भी तरह की कमर्शियल बिल्डिंग को रेगुलर नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद ट्रस्ट अधिकारियों ने आंखें मूंदकर बिल्डिंग को खड़ा होने दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कार्रवाई से बचने के लिए बिल्डिंग मालिक ने कथित तौर पर होर्डिंग लगवाकर होटल निर्माण को ढाल बना लिया है। इसी के चलते इलाके में खुलकर सवाल उठ रहा है कि आखिर नगर निगम और ग्लाहा की तरह इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के क्षेत्र में अवैध बिल्डिंगों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। इलाके के लोगों ने मामले की शिकायत सीएम, लोकल बॉडीज विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, डायरेक्टर, चीफ विजिलेंस ऑफिसर और डीसी को भेजकर विस्तृत जांच की मांग की है। इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के तरसेम सिंह भिंडर से बात की गई तो उन्होंने कहा हमने तीन नोटिस बिल्डिंग मालिक को जारी कर दिए हैं और कार्रवाई के लिए एक्सईएन की ड्यूटी लगा दी है।

**एक्सईएन बोले, तीन नोटिस भेजे जा चुके मालिक कोः** इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के एक्सईएन विक्रम भारद्वाज ने कहा बिल्डिंग मालिक को अब तक तीन नोटिस भेजे जा चुके हैं। कुछ दिन पहले हमारी टीम कार्रवाई करने पहुंची थी, लेकिन बिल्डिंग मालिक ने करीब 20 लोगों को वहां बुला लिया। बहसबाजी के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। इसके बाद हमने पुलिस फोर्स उपलब्ध करवाने के लिए कमिश्नर को पत्र लिखा है। साथ ही सेल ब्रांच को अलॉटमेंट लेटर कैंसिल करने की सिफारिश भी कर दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि ट्रस्ट समय पर कार्रवाई करता तो रिहायशी इलाके में अवैध होटल खड़ा ही न हो पाता। अब देखना यह है कि शिकायतों और दबाव के बाद ट्रस्ट वास्तव में सख्त कार्रवाई करता है या मामला फिर फाइलों में ही दबकर रह जाता है।

## लंबित जीएसटी-वैट रिफंड पर सरकार का आश्वासन

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब टैक्स बार एसोसिएशन और विभिन्न ट्रेड एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक पीटीबीए अध्यक्ष अनिल सरीन की अध्यक्षता में टैक्सेशन कमिश्नर पंजाब जतिंदर जोरवाल के साथ हुई। बैठक में पूरे पंजाब के व्यापारियों और टैक्स प्रोफेशनल्स की लंबे समय से लंबित जीएसटी एवं वैट रिफंड से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने रिफंड में हो रही देरी और लंबित फाइलों के कारण व्यापार जगत को आ रही परेशानियों से कमिश्नर को अवगत करवाया। बैठक के दौरान सभी लंबित रिफंड मामलों के समयबद्ध निपटारे पर विशेष जोर दिया गया। अनिल सरीन ने बताया कि टैक्सेशन कमिश्नर ने आश्वासन दिया है कि सितंबर 2025 तक की सभी लंबित जीएसटी और वैट रिफंड फाइलों का निपटारा 15 दिसंबर तक कर दिया जाएगा, जबकि नवंबर 2025 तक की लंबित फाइलों का निपटारा 31 दिसंबर 2025 तक पूरा कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद 12 दिसंबर को प्रदेशभर के जिला टैक्सेशन कार्यालयों के बाहर होने वाले विरोध प्रदर्शन को रद्द कर दिया गया है।

### युवक ने सतलुज में कूदकर की आत्महत्या, दो महीने से था मानसिक तनाव में

# विदेश जाने की चाहत में की कॉन्ट्रैक्ट कोर्ट मैरिज तलाक के बाद भी साथ रह रही थी पत्नी किरनदीप

दीपक कुमार | श्री माछीवाड़ा साहिब | समर न्यूज़

थाना मेहरबान के अंतर्गत गांव रतनगढ़ के 30 वर्षीय युवक सुनील कुमार द्वारा बीती 8 दिसंबर को सतलुज दरिया में कूदकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। मृतक के मामा हंस राज ने बताया कि सुनील की शादी वर्ष 2018 में गांव बहादुरपुर निवासी किरनदीप कौर से हुई थी। दंपत्ति की एक पांच वर्षीय बेटी भी है। सुनील छह बहनों का इकलौता भाई था और डेढ़ वर्ष पहले ही पिता का देहांत हो गया था। हंस राज के अनुसार, विदेश जाने की चाहत में सुनील और किरन ने आपसी सहमति से तलाक लिया था। तलाक के बाद सुनील ने ही किरन की गांव चौंता मंड निवासी गुरप्रीत सिंह के साथ कांट्रेक्ट कोर्ट मैरिज भी करवाई थी। इस पूरी प्रक्रिया की खबर सिर्फ सुनील, किरन और उसके माता-पिता को ही थी। पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि तलाक के बावजूद किरन सुनील के साथ ही रह रही थी। इसी वर्ष अगस्त में सुनील उसे इंग्लैंड जाने के लिए एयरपोर्ट छोड़कर आया था। लेकिन पिछले दो महीनों से किरन ने सुनील से बातचीत बंद कर दी थी, जिससे वह मानसिक तनाव में था।

8 दिसंबर दोपहर को उसने अपनी बहन को फोन कर कहा कि वह दरिया में कूदकर जान दे देगा, और कुछ देर बाद ग्रामीणों व रिश्तेदारों को उसकी लाश पानी में मिली। सूचना मिलने पर मत्तेवाड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लुधियाना भेजा गया और 10 दिसंबर को अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने मृतक की मां व बहनों के बयान दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, किरनदीप कौर की मां ने बताया कि तलाक सुनील के दबाव में हुआ था और उसी ने जबरन गुरप्रीत सिंह के साथ कांट्रेक्ट मैरिज करवाई।

आरोप है कि सुनील किरन को इंग्लैंड जाकर किसी अंग्रेज या पक्के नागरिक से शादी करने के लिए मजबूर कर रहा था। परिजनों ने दावा किया कि सुनील फोन पर किरन को गंदी भाषा में बात करता था, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। उन्होंने बताया कि किरन 4 महीने पहले ही स्टडी वीजा पर इंग्लैंड गई है, अभी वह किसी काम में भी नहीं है, बावजूद इसके सुनील उससे बार-बार पैसे भेजने की मांग कर रहा था। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर किरन के पिता शिव चंद को हिरासत में लिया है और आगे की जांच जारी है।

### • डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

# पति ने डॉक्टर पर लगाया आरोप, पुलिस मामले की जांच में जुटी

गुरमीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना टिब्बा के इलाके शंकर कॉलोनी में डिलीवरी के दौरान एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका रंजना के पति अमरजीत कुमार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्लीनिक संचालक डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अमरजीत के अनुसार, वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर पास के एक निजी क्लीनिक में लेकर गए थे। डॉक्टर ने उन्हें रात भर अस्पताल में भर्ती रखा और अगले दिन 21 हजार रुपये लेकर डिस्चार्ज कर दिया।

अमरजीत का आरोप है कि घर पहुंचते ही रंजना की तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। अमरजीत कुमार फैक्ट्री में सिलाई का काम करते हैं। उनका कहना है कि पहले से उनका एक बेटा बीमार है और अब पत्नी की मौत के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना टिब्बा में शिकायत दी। मामले की जांच कर रहे अधिकारी राजिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और मेडिकल रिकॉर्ड तथा क्लीनिक से जुड़े अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। डॉक्टर ने भी मरीज और उसके परिवार पर झूठे आरोप लगाने की शिकायत पुलिस को दी है। फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## भामियां कलां में डेढ़ साल के बच्चे को बाइक सवार ने मारी टक्कर

गुरमीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़



भामियां कलां के राम नगर गली नंबर 7 में मंगलवार रात उस समय तनाव फैल गया, जब तेज रफ्तार से गुजर रहे तीन बाइक सवार युवकों ने डेढ़ साल के बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई और मामले ने खूनी झड़प का रूप ले लिया। पीड़ित पिता चंदन कुमार ने बताया कि रात करीब नौ बजे वह परिवार के साथ घर के बाहर आग सेक रहा था। इसी दौरान तीन युवक बाइक पर तेज रफ्तार से आए और उसके छोटे बेटे सूर्य को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर व कमर पर चोटें आईं।

चंदन ने भागने का प्रयास कर रहे युवकों को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 7–8 युवक वहां पहुंचे और हथियारों से लैस होकर घर में घुस गए। उन्होंने न सिर्फ परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की, बल्कि घर में तोड़फोड़ करते हुए मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा तक तोड़ डाले। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें हमलावरों की बर्बरता साफ दिखाई दे रही है। आसपास के लोग इकट्ठा होते देख आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही मुड़ियां कलां चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सभी घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी हैं।

## जोनल कमिश्नरों को पार्षदों के साथ बैठक करने के निर्देश

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में विकास कार्यों में गति लाने और सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर निगम कमिश्नर



आदित्य डेचवाल ने सभी ज़ोनल कमिश्नरों को अपने-अपने क्षेत्रों के पार्षदों के साथ हर पंद्रह दिन में बैठक करने के निर्देश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार, नगर निगम के चारों जोन के जोनल कमिश्नरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नियमित अंतराल पर पार्षदों के साथ बैठकें करें और इन बैठकों की कार्यवाही निगम कमिश्नर कार्यालय में जमा करवाएं, जिससे प्रगति की नियमित निगरानी की जा सके।

कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने बताया कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य शहर में सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाना, चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाना और क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि बैठकों के दौरान पार्षदों से फीडबैक लिया जाएगा और यदि कोई शिकायतें होंगी तो उनके निपटारे के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएंगे। कमिश्नर ने यह भी कहा कि वे स्वयं विकास कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा कर रहे हैं। नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सफाई और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया।

## ट्रांसजेंडर से गैंगरेप; तीन आरोपी नामजद, तलाश जारी

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में एक ट्रांसजेंडर के साथ गैंगरेप का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता फरीदाबाद की रहने वाली है। ट्रांसजेंडर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर माह में लुधियाना में उसके साथ तीन युवकों ने न सिर्फ गैंगरेप किया बल्कि उसकी बुरी तरह पिटाई भी की। शिकायत मिलने के बाद फरीदाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत लुधियाना पुलिस को भेज दिया। पीड़िता के अनुसार वह कुछ समय पहले लुधियाना में रहती थी। इसी दौरान तीनों आरोपी तरन पाल सिंह, उसका भाई दविंदर पाल सिंह और गुरकरन सिंह उसे किसी बहाने बसंत एवेन्यू, सतजोत नगर में स्थित लाल कोठी पर ले गए। यहां तीनों ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटा, जिसके बाद वह डर के कारण शहर छोड़कर फरीदाबाद चली गई। फरीदाबाद से मिली शिकायत की जांच करते हुए लुधियाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना शिमलापुरी के एएसआई सलविंदर पाल ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिशें दे रही है। उन्होंने कहा कि तीनों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले की जांच तेज कर दी गई है।



सतलुज दरिया पुल की साइड रेलिंग टूटने के बाद किया गया अस्थायी जुगाड़, आवाजाही अब भी जोखिमभरी प्रशासन ने सतर्क रहने की अपील की।

-लक्की भट्टी

**कलश यात्रा** | कलश यात्रा का जगह- जगह फूलों की वर्षा से किया गया स्वागत

# 51 महिलाओं ने सिर पर उठाया कलश

दलजीत विक्की | लुधियाना



जामलपुर की एच ई कालोनी में कलश यात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। -समर न्यूज़

जमालपुर की एच ई कॉलोनी में साप्ताहिक भागवत कथा का शुभारंभ धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा निकाली गई, जिसका प्रारंभ यूपी के कानपुर से आए पंडित शिव मिश्रा ने गणेश पूजन और नौ ग्रह पूजन के साथ कराया। कलश पूजन का यजमान के रूप में आप नेता एवं इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टी संदीप मिश्रा तथा उनकी पत्नी अलका मिश्रा ने विधिवत पूजन करवाया। इसके बाद कलश यात्रा एच ई कॉलोनी पार्क से आरंभ होकर बीसीएम स्कूल, एच एम कॉलोनी से होते हुए मेट्रो रोड स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर तक पहुँची, जहाँ उपस्थित पंडितों द्वारा कलश और भागवत गीता की पूजा की गई। मंदिर पूजा के उपरांत कलश यात्रा पुनः पंडाल स्थल एच ई कॉलोनी पार्क में पहुँची, जहाँ भागवत पुराण और कलश को स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। इस मौके पर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टी बलवीर चौधरी, जसपाल सिंह, मोहित गोयल, दलजीत डोगरा, अनुज मिश्रा, अंकुर मिश्रा, आशु मिश्रा, मीनू मिश्रा, तजिंदर कौर, शालिनी कौर, पूजा बांसल ऋचा मिश्रा, प्रिया बांसल, आदेश सिंघल, सुलोचना शर्मा भोली, अभिषेक कुमार, शैली,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 96